नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 236 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆मूल्य: 3 ₹ ◆पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 5 जुलाई 2022



गरियाबंद में नगर पालिका परिषद का चार दिवसीय जन .... पेज -3 पर



राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग ने ग्राम टारपाली में किया... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### राज्यपाल से रायपुर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. भूरे ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर** । राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में रायपुर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल सुश्री उइके ने नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. भूरे को बधाई दी तथा अधिक से अधिक लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

### फर्जी आर्मी अफसर बनकर लाखों की ठगी करने वाला पकड़ाया

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने फर्जी आर्मी अफसर बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने देश भर में कई लोगों से ठगी की थी। वहीं राजधानी रायपुर की एक महिला डॉक्टर को भी अपना शिकार बनाया था जिसके बाद इसकी शिकायत तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई थी। दरअसल राजधानी के मौलश्री विहार, तेलीबांधा में रहने वाली डॉ. अदिति सिंह ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 11 जून को उसके मोबाईल फेन पर मोबाईल नंबर 9609488363 से फेन आया तथा मोबाईल नंबर के धारक ने स्वयं को सीआईएसएफ से परमील कुमार होना बताकर चर्म रोग संबंधी चेक-अप करवाने हेतु प्रार्थिया को क्लीनिक में किस समय मिलेंगी पूछा।

## मुख्यमंत्री ने किसान बालाराम के घर की बाड़ी के कोईलार और चेंच भाजी का लिया स्वाद

रायपुर। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड में भेंट-मुलाकात के दौरान सकोला गांव में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसान बालाराम के घर भोजन किया।

उन्होंने कोईलार, चेंच तथा मुनगा भाजी का स्वाद लिया।

बारिश के मौसम में अरहर की दाल, चावल और उड़द बड़ी के साथ स्वादिष्ट भाजी का सेवन वाकई मन को प्रसन्न करने वाला था। घर की सदस्य और सकोला गांव की सरपंच श्रीमती हीरामती ने बताया कि घर के पीछे ही बाड़ी है जिसमें मुनगा, चेंच भाजी, कोइलार भाजी, भिंडी, बरबट्टी आदि सब्जियां लगाएं हैं। हीरामती ने मुख्यमंत्री को अपने ही घर की बाड़ी की चेंच, कोईलार और मुनगा भाजी खिला कर प्रसन्न कर दिया। सरपंच श्रीमती हीरामती ने बताया कि शासन की 'नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी' योजना से किसानों को काफी लाभ मिला है। बाड़ी योजना से प्रेरित होकर गांव का हर किसान घर के पीछे खाली जमीन पर सब्जी-बाड़ी लगा रहे हैं। इससे घर के लोगों को न केवल पौष्टिक एवं ताजी सब्जियां मिल रही हैं, बल्कि इनकी बिक्री से कमाई भी हो रही है।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## छत्तीसगढ़ में महिला से निर्भया जैसी दरिंदगी

### दुष्कर्म कर गुप्तांग में डाल दिया तवे का मूठ, छाती-गले की हड्डी तोड़ी, फेफड़े फटने से मौत

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में एक महिला से निर्भया जैसी दरिंदगी की गई। 55 साल की अधेड़ महिला से पहले दुष्कर्म किया गया। फिर उसके गुप्तांग में तवे का मूठ डाल दिया। उसके गले और छाती को पैरों से रौंद डाला, जिसके कारण महिला की हड्डियां टूट गईं, फेफड़े फट गए और महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



अकलतरा थाना क्षेत्र में रविवार को महिला का शव उसके घर में अर्धनग्न हालत में मिला था। वार्ड-2 निवासी 55 साल की महिला के पति की करीब 3 साल पहले मौत हो गई थी। उसका कोई बच्चा भी नहीं था। महिला घर में अकेले ही रहती थी और दूसरों के घरों में काम करती थी। रविवार सुबह जब काफी देर तक महिला घर से बाहर नहीं निकली तो पड़ोसी उसे देखने के लिए पहुंचे। वहां अंदर कमरे के दरवाजे के पास ही महिला का अर्धनग्न शव पड़ा था।

#### अकलतरा के एक ढाबे से पकड़ा गया बदमाश

दुष्कर्म और जघन्य हत्या को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम बनाई। जांच के दौरान पता चला कि निगरानी बदमाश सूरज भोई को घटना वाले दिन क्षेत्र में देखा गया था। इस पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ घंटों बाद ही आरोपी को अकलतरा के एक ढाबे से हिरासत में ले लिया। पहले तो वह मना करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने महिला से दुष्कर्म और हत्या करने की बात कबूल कर ली।

#### महिला को अकेला देख घर में घुसा आरोपी

आरोपी सूरज ने पुलिस को बताया कि 2 जुलाई की रात वह पोड़ीभांठा में घूम रहा था। तभी उसे मकान का दरवाजा खुला दिखाई दिया। वहां एक महिला अकेले सोई हुई थी। यह देखकर वह अंदर घुस गया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। वह दोबारा भी दुष्कर्म करना चाहता था, लेकिन तब तक महिला उसके चंगुल से छूटी और बाहर आकर चिल्लाने का प्रयास करने लगी। इस पर आरोपी ने महिला के बाल पकड़कर उसे अंदर खींच लिया।

आरोपी ने महिला को जमीन पर पटक दिया और घर में रखे तवे से उस पर वार किया। महिला दर्द से छटपटाने लगी तो उसकी छाती पर चढ़ गया और उसके गले को हाथ से दबा दिया। इसके बाद भी महिला बचने का प्रयास करती रही। इस पर आरोपी ने छटपटा रही महिला के गले पर पैर रख दिया और उसे दबा दिया, जिसके कारण महिला की मौत हो गई। इसके बाद महिला के हाथ में पहनी चांदी की चूड़ियां निकाल लीं और वहां से भाग निकला।



#### आधा दर्जन वारदातों में जा चुका है जेल

*थाना प्रभारी लखेश केंवट ने बताया कि आरोपी सूरज भोई निगरानी बदमाश है। वह इससे पहले भी आधा दर्जन से ज्यादा बार अलग-अलग अपराधों में जेल जा चुका है। आरोपी जब भी जेल से छूटकर आता नए अपराध की रणनीति बनाता और उसे अंजाम देने के बाद कुछ दिन ऐश करता था। फिर दुबारा उसी क्षेत्र में लौट कर अपराध करने लगता था। इसी सिलसिले में वह कई दफा जेल जा चुका था। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।*



## मुख्यमंत्री ने मरवाही में आदिवासी नेता डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

**रायपुर।** प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाक़ात अभियान पर निकले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जहां भी जा रहे हैं, वहाँ क्षेत्र के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट शख़्सियतों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। इसी क्रम में आज भेंट-मुलाक़ात के लिए मरवाही पहुँचे मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्थानीय आदिवासी नेता स्व. डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौक़े पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्व. डॉ. पोर्ते के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, स्वर्गीय डॉ. भँवर सिंह पोर्ते ने आदिवासी उत्थान एवं आदिवासी कल्याण समेत क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय जनकल्याणकारी कार्य किए। उनके व्यक्तित्व का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्व. डॉ. भँवर सिंह पोर्ते को आदिवासियों के मसीहा के तौर पर जाना जाता है।

डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की प्रतिमा अनावरण के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज स्व. डॉ. पोर्ते की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिये सौभाग्य की बात है। हमें डॉ. पोर्ते का जीवन हमें प्रेरणा देता है। स्व. डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की प्रतिमा अनावरण के लिए पहुँचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के स्वागत में ग्राम नेवसा से आए आदिवासी कला जत्था ने डंडा नृत्य पेश किया।

## नाचा से छत्तीसगढ़ी संस्कृति ने बनाई सात समुंदर पार अपनी पहचानः संस्कृति मंत्री

*रायपुर। उत्तर अमेरिका में छत्तीसगढ़ संस्कृति की छटा बिखेरने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है। नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ संघ( नाचा) उत्तर अमेरिका द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका शिकागो, न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन, कैरोलिना, डेनवर और कनाडा के टोरंटो में 5 दिवसीय सम्मेलन 12 से 21 नवम्बर तक प्रस्तावित किया गया है।*



इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत और नाचा के पदाधिकारियों के बीच ऑनलाईन बैठक हुई। मंत्री श्री अमरजीत भगत ने नाचा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि नार्थ अमेरिका नाचा संस्था छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ की विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक ग्लोबल मीट का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रस्ताव दिया गया है कि वेबसाइट में अंग्रेज़ी से हिन्दी, हिन्दी-अंग्रेज़ी से छत्तीसगढ़ी भाषा तक विस्तारित करने के लिए कई अध्याय जोड़े जाएँगे। संस्कृति मंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार उनके इस नेक काम में सदैव उनके साथ है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विकास की दिशा में नाचा के आयोजनो में सरकार संयुक्त रूप से नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ संघ के साथ काम करेगी ताकि सात समंदर पार भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति अपनी पहचान मज़बूत करें।

## प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना

**रायपुर** । प्रदेश में आज 5 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है। वही एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपर ही हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, निम्न दाब का क्षेत्र, झारसुगड़ा, पूरी और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व- मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## पटेल चौक में बड़ा हादसा, ट्रक ने ली स्कूटी सवार दो सगे भाईयों की जान

**दुर्ग।** शहर के व्यस्तम पटेल चौक में सोमवार की सुबह एक ट्रक ने स्कूटी सवार दो सगे भाईयों को रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। यह हादसा स्कूटी सवार भाईयों द्वारा पटेल चौक क्रास करते समय सामने आया। दर्दनाक हादसे में दोनों को गंभीर चोंटे आई थी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दी। वहीं हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। मृतक बीरबल साहू 52 वर्ष बोरसी स्कूल चौक दुर्ग और मन्नुलाल साहू 56 वर्ष ग्राम खोपली थाना उतई का निवासी था। वे दोनों स्व. लतखोर राम साहू के पुत्र थे। मृतक मन्नु लाल साहू बड़ा भाई था। कोतवाली पुलिस द्वारा हादसे के लिए दोषी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक जप्त कर लिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मन्नुलाल साहू और उनका छोटा भाई बीरबल साहू सोमवार की सुबह रजिस्ट्री कार्यालय दुर्ग जाने के लिए घर से निकले थे। वे स्कूटी पर सवार होकर पटेल चौक पर पहुंचे थे और पटेल चौक को क्रास कर तहसील कार्यालय की ओर जाने के प्रयास में थे, तभी सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 9930 ने स्कूटी सवार दोनों भाईयों को अपने चपेट में लेकर रौंदते हुए आगे बढ़ गया।




### हादसे में स्कूटी के उड़े परखच्चे, ट्रक चालक गिरफ्तार



**निर्देश..** वन धन केन्द्र डेवलप करने और, हाट बाजार क्लीनिक का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

## गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें - मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों से कहा कि कोरिया जिला का भ्रमण अच्छा रहा। आपको बधाई और बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करवाएं, ताकि स्थानीय उत्पाद का संवर्धन कर किसानों व वनवासियों को उचित लाभ दिया जा सके। मुख्यमंत्री आज बैकुण्ठपुर के विश्रामगृह में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बातें कही। बैठक में संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, विधायक श्री गुलाब कमरो और डॉ. विनय जायसवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनवासियों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जा रहा है, अब वहां वन धन केंद्र भी डेवलप करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि तेंदूपत्ता की राशि वितरण में पारदर्शिता बरतें। हितग्राहियों को राशि मिला हैं कि नहीं, इस बात से हितग्राहियों को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के आय में वृद्धि करना है, आम लोगों की जेब तक पैसे पहुंचे।



## मुख्यमंत्री ने किया मरवाही से बिलासपुर संभाग में भेंट-मुलाक़ात का आग़ाज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के क्रम में से बिलासपुर संभाग में कार्यक्रम का आग़ाज़ किया। बिलासपुर संभाग में भेंट-मुलाक़ात की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सबसे पहले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले को चुना है। मरवाही पहुँचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता ने गमछा व चरखे से काते गए सुत धागा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मरवाही में भेंट-मुलाक़ात से पहले माता नागेश्वरी देवी मंदिर पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माता नागेश्वरी देवी से छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि एवं ख़ुशहाली की कामना की। स्थानीय लोगों के मुताबिक़ यहाँ नागेश्वरी देवी की प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हुई हैं। वहीं पुरातात्विक दृष्टि से लगभग 10वीं शताब्दी की बतायी जाती हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देवी मां के दर्शन व पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में कदम्ब, नीम और पीपल का पौधा रोपा और उस पर पानी सींचते हुए हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ के.के. ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



# भाजपा का अब दक्षिण भारत पर जोर

*भाजपा का नया नारा अब लुक साउथ है, और उसमें भी पहले तेलंगाना, फिर तमिलनाडु पर खास जोर है। इसी को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने भाजपा कार्यकारिणी के लिए न केवल हैदराबाद को चुना, बल्कि दो दिनों तक तेलंगाना में उसने अपनी ताकत का प्रदर्शन भी किया। केसरिया लहर और हिंदुत्व पर जोर दिए जाने का धर्मों और जातियों में विभाजित तेलंगाना पर असर पड़ना तय है।*

जुलाई की शुरुआत को तेलंगाना में इसलिए भी याद रखा जाएगा, क्योंकि भाजपा ने वहां एक असर पैदा कर दिया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी से पहले भाजपा के शीर्ष नेताओं ने लगभग सभी 29 जिलों का दौरा किया। कार्यकारिणी में दो दिनों तक प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति और भाषण तथा जनसभाओं में भी दिए गए उनके भाषण केसीआर सरकार के खिलाफ बेहद आक्रामक थे। मोदी में संकट को अवसर में बदल देने की क्षमता है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव द्वारा प्रधानमंत्री का बहिष्कार किए जाने को आम लोगों ने गंभीरता से लिया है। और मोदी ने इसी का लाभ उठाने की कोशिश की है। भाजपा नेतृत्व, और खासकर मोदी काडर को नेता के रूप में तराशने में कुशल हैं। हैदराबाद में हुई कार्यकारिणी



हैदराबाद में हुई कार्यकारिणी अगले साल तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए मददगार साबित होगी।

अगले साल तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए मददगार साबित होगी। भाजपा का जोर दक्षिण भारत पर क्यों है? वर्ष 2014 में अमित शाह ने कहा था कि वह पूर्वोत्तर पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। वर्ष 2019 में उन्होंने कहा कि देश के 18 राज्यों में भाजपा का पूर्ण विस्तार हो चुका है, लिहाजा दक्षिण की ओर देखने का यह सही समय है। हैदराबाद में संपन्न हुई भाजपा की कार्यकारिणी का तीन मोर्चे पर विश्लेषण किया जा सकता है - भाजपा का राजनीतिक लक्ष्य, उसके सांगठनिक महत्व, और वह अपनी योजनाओं के लाभार्थियों को किस तरह देखती है। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव दूसरी बार जीतने तथा उस प्रक्रिया में योगी आदित्यनाथ द्वारा 'डबल इंजन सरकार' की बात करने और विपक्षी सपा-बसपा पर हमला बोलने की सफल रणनीति ने न केवल भाजपा में नई ऊर्जा भरी है, बल्कि इससे आने वाले चुनावों में मोदी की आक्रामक और हमलावर शैली के प्रति पार्टीजनों का भरोसा और बढ़ा है। हैदराबाद में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने का सीधा मतलब आने वाले चुनाव में केसीआर सरकार को भारी चुनौती देना है।

तेलंगाना में भाजपा एक ही साथ अपने दो प्रतिद्वंद्वियों, केसीआर की तेलंगाना राष्ट्र समिति और ओवैसी की एआईएमआईएम को धूल चटाना चाहती है। अगर भाजपा की कार्यकारिणी में पारित हुए आर्थिक तथा राजनीतिक प्रस्तावों को गौर से देखें, तो साफ है कि पार्टी राजनीति में परिवारवाद के खिलाफ अपना आक्रामक अभियान जारी रखे हुए है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवादी कांग्रेस से निपट चुकने के बाद भाजपा अगले पांच साल तक राज्य स्तर की आठ परिवारवादी पार्टियों के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाना चाहती है। केसीआर के परिवारवाद को निशाना बनाते हुए ही भाजपा ने बाप, बेटा, बेटी सरकार के खिलाफ अपना अभियान चलाया है। याद रखना चाहिए कि 2013-14 में मोदी ने अपनी करीब 400 जनसभाओं में मां, बेटा, बेटी को निशाने पर लिया था, जिससे कांग्रेस का सफाया हो गया। कार्यकारिणी में आर्थिक प्रस्ताव में अगले 25 साल के विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई। इसके तहत 5जी, 6जी, अंतरिक्ष में शोध, गति शक्ति और बुनियादी ढांचे से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं पर बात की गई। अभूतपूर्व कोविड महामारी के दौरान केंद्र द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं की आर्थिक प्रस्ताव में तारीफ की गई। आर्थिक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि गरीबों के कल्याण के साथ-साथ सरकार ने आर्थिक विकास के लक्ष्य पर भी उतना ही ध्यान दिया है। इसी तरह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर की सभी समस्याओं का समाधान वर्ष 2024 तक निकाल लिया जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक और गरीब कल्याण संकल्प का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया। भाजपा नेतृत्व ने वसुंधरा राजे सिंधिया को जिस तरह महत्व देना शुरू किया है, और उन्हें सांगठनिक मामलों पर मीडिया से बात करने की जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह अलग से ध्यान देने लायक है। वसुंधरा राजे अब बूथ स्तर के व्हाट्सएप ग्रुप की प्रमुख हैं-बूथ स्तर के भाजपा काडर को एक मंच पर लाने की यह शानदार पहल है। हालिया चुनावों के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने कई भाषणों में कहा है कि लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का सौ फीसदी लाभ मिलना चाहिए।

राजगोपालन

## संपादकीय

### बढ़ती आर्थिक विषमता एक बृहद सामाजिक चुनौती

वर्तमान समय में विश्व के संपूर्ण देश अपने आप को लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा से रूबरू कराते हैं। सभी राज्यों का मानना है कि वह अपने नागरिकों के लिए सर्व सुलभ संरचनात्मक व्यवस्था के संचालन हेतु भरकस प्रयास करता रहता है परंतु संसाधनों के उचित वितरण प्रणाली के ना होने पर किसी भी देश में गहन लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा स्पष्ट नहीं होती है। इसके लिए आर्थिक विषमता, गरीबी भूखमरी और अशिक्षा से निदान पाना अत्यंत आवश्यक हो जाता है क्योंकि इन सभी सामाजिक विषमताओं के चलते किसी भी समाज की उन्नति नहीं होती है यही कारण है कि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र की प्रगति और उन्नति तो हो रही है परंतु यहां आर्थिक विषमता और गरीबी तथा भुखमरी जैसे आयामों में भी उन्नतोदर वृद्धि हो रही है जिससे आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा से हम उतने ही पीछे जा रहे हैं जितना ही इन सभी गतिविधियों में प्रगति हो रही है। इन सभी कारणों का एक अन्य कारण ही है वह है भारत में व्यापक बेरोजगारी बेरोजगारी के कारण आर्थिक विषमता की अवधारणा संकल्पित नहीं हो पाती है क्योंकि जब तक व्यक्तियों के पास काम नहीं होगा तब तक उनके किसी भी प्रकार के आय में वृद्धि नहीं होती और जब तक उनके आय में वृद्धि नहीं होती है तब तक उनके परिवार में संपन्नता नहीं आती है और वह घर और परिवार में बुनियादी समस्याओं से ही जूझते रहते हैं।

## सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में शिवसेना , मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों का असंतोष पड़ा भारी

शिवसेना अपने स्थापना काल के बाद सबसे भयंकर चुनौती का सामना कर रही है ।बीते छह दशकों के इतिहास में शिवसेना को बारंबार बगावतों का सामना करना पड़ा, पर उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए, यह पहली बार हुआ है। हालांकि महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वयं को असली शिवसेना और शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का शिष्य करार दे रहे हैं।

जिस तरह से उन्होंने शिवसेना के विधायक दल पर नियंत्रण स्थापित किया, जिस अंदाज में उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल में शामिल सभी के सभी निर्वाचित विधानसभा सदस्यों ने एकनाथ शिंदे के पाले में आकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को धता बताया, उससे यह स्पष्ट है कि ठाकरे परिवार अपने संगठन से नित्य संपर्क से कट चुका था ।

उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे अपने दरबारियों से इस कदर घिरे हुए थे कि वह शिवसैनिकों का दर्द से दूर अपने मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों के असंतोष तक से भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे।



यह स्पष्ट है कि ठाकरे परिवार अपने संगठन से नित्य संपर्क से कट चुका था ।उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे अपने दरबारियों से इस कदर घिरे हुए थे कि उन्हें शिवसैनिकों का दर्द दूर अपने मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों के असंतोष तक से भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे।

स्थापना काल के बाद कई बार शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे को विद्रोह का सामना करना पड़ा । 1977 में जब जनता पार्टी का दौर आया तब हेमचंद्र गुप्ते और दत्ता प्रधान ने शिवसेना के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए ठाकरे से दूरी बना ली थी। तब शिवसेना के पहले महापौर रहे हेमचंद्र गुप्ते ने ना केवल जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी बल्कि बाला साहब ठाकरे के नेतृत्व को चुनौती भी दे दी थी ।

हेमचंद्र गुप्ते शिवसेना के गढ़ दादर से विधानसभा का चुनाव जीतने में सफल भी हुए थे। सनद रहे कि शिवसेना में आज जो संगठन का स्वरूप है उसके शिल्पकार दत्ता प्रधान हुआ करते थे। उन्होंने ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तर्ज पर शिवसेना में शाखा नामक इकाई का प्रचलन प्रारंभ किया था। जब दत्ता प्रधान शिवसेना से अलग हुए तब लोगों के मन में सवाल उठा था कि क्या शिवसेना अपने सांगठनिक स्वरूप को आगे बढ़ा पाएगी?

उन दिनों ऐसा भी दौर आया जब मनोहर जोशी और सुधीर जोशी बाला साहब ठाकरे के पास गए और दोनों ने प्रस्तावित किया कि अब शिवसेना के बने रहने का कोई औचित्य शेष नहीं है। तब बाला साहब ठाकरे ने कहा था-

अपने अस्तित्व को बचाने के लिए शिवसेना को मुस्लिम लीग और कांग्रेस से भी गठबंधन करना पड़ा था। मस्तान तलाव पर शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे और मुस्लिम लीग के सर्वे सर्वा गुलाम बनातवाला की ऐतिहासिक सभा को तो आज के शिवसेना के कर्ताधर्ता विस्मृत कर चुके होंगे । 1980 में बालासाहेब ठाकरे को कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले के साथ समझौता करना पड़ा था और 1985 में मुंबई महानगर पालिका में शिवसेना वसंतदादा पाटील के प्रश्रय के बिना सत्ता में नहीं पहुंच पाती । शिवसेना को मुंबई और ठाणे महानगरपालिका के अलावा बड़ी सफलता तब मिलनी प्रारंभ हुई जब बालासाहेब ठाकरे ने स्वयं को हिंदू हृदय सम्राट की भूमिका में जनता के समक्ष पेश किया । 1987 के विलेपार्ले विधानसभा के उप चुनाव के पहले शिवसेना के केवल दो ही विधायक निर्वाचित हुए थे। पहली बार 1972 में वामन राव महाडिक परेल विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। जबकि दूसरी बार 1985 के विधानसभा चुनाव में छगन भुजबल मझगांव से विधानसभा में निर्वाचित होकर आए थे।

प्रेम शुक्ल

## मिला जुला

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

# अमरावती-नूपुर के समर्थन पर और लोगों को मिली धमकी

**अमरावती।** उदयपुर की तरह अमरावती में भी नूपुर शर्मा के पोस्ट का समर्थन करने पर केमिस्ट की हत्या कर दी गई. उमेश कोल्हे की हत्या 21 जून को अमरावती के घंटाघर के श्याम चौक इलाके में हुई थी. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कोल्हे की गर्दन पर चाकू से वार किया था. हमले के वक्त उमेश बाइक से अपने घर लौट रहे थे. पुलिस ने बताया था कि यह हत्या नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने को लेकर हुई।



अमरावती मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है. बताया जा रहा है कि उमेश कोल्हे द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल और लोगों को भी जान से मारने की धमकियां मिली थीं. इन लोगों को नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने पर माफी मांगने के लिए कहा गया था. उधर, पुलिस ने अमरावती में फ्लैग मार्च किया है. ऐसी ही एक कॉल डॉ राठी के पास आई थी. उन्हें उमेश कोल्हे की हत्या के मास्टरमाइंड इरफान शेख के रहबर हेल्पलाइन से फोन किया गया था. पुलिस ने डॉ राठी का बयान दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

#### क्या है मामला?

उदयपुर की तरह अमरावती में भी नूपुर शर्मा के पोस्ट का समर्थन करने पर केमिस्ट की हत्या कर दी गई. उमेश कोल्हे की हत्या 21 जून को अमरावती के घंटाघर के श्याम चौक इलाके में हुई थी. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कोल्हे की गर्दन पर चाकू से वार किया था. हमले के वक्त उमेश बाइक से अपने घर लौट रहे थे. पुलिस ने बताया था कि यह हत्या नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने को लेकर हुई।

### हिमाचल के कुल्लू में बड़ा सड़क हादसा

# खाई में गिरी निजी बस,12 लोगों की मौत, तीन घायल

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

आसपास के लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार, कुल्लू जिले के सैंज के शैंशर में एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बस जांगला गांव से करीब 200 मीटर दूर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है। इनमें से एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ा। मृतकों में एक छात्रा भी शामिल है। वहीं तीन लोग घायल हुए हैं। तहसीलदार सैंज हीरालाल ने इसकी पुष्टि की है। घायलों में बस के चालक और परिचालक के अलावा एक यात्री शामिल है।



#### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया शोक

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कुल्लू बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। पीएम ने ट्वीट कर कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुआ बस हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उम्मीद है कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

#### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख, घायलों को 50-50 हजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल्लू बस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की घोषणा की है। पीएम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बस दुर्घटना हृदय विदारक है। इस दुखद घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### संजय राउत ने पवार के मध्यावधि चुनाव वाले बयान पर जताई सहमति

# बोले- सरकार चलने का बीजेपी को विश्वास होता तो...

**महाराष्ट्र** की एकनाथ शिंदे सरकार को आज विधानसभा में बहुमत परीक्षण करना है. लेकिन, शिंदे के फ्लोर टेस्ट से पहले एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने ये कहकर सियासी हलकों में हलचल मचा दी कि ये सरकार अगले पांच-छह महीने में गिर जाएगी. इसके साथ ही उन्होंने मध्यावधि चुनाव की तैयारी को भी कहा है. इधर, शरद पवार के मध्यावधि चुनाव वाले बयान का शिवसेना के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने भी पूरी तरह से सहमति जताई है. इसके साथ ही, उन्होंने एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने पर भी सवाल खड़े किए हैं। संजय राउत ने कहा कि वे शरद पवार के बयान से सहमत हैं. उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी को इतना विश्वास



होता कि सरकार चलेगी तो बीजेपी का सीएम होता, जिसके पास ज्यादा सीट है. ऐसे में वो शिंदे को सीएम नहीं बनाते. राउत ने कहा कि लोगों के मन में सवाल है जो हमारा एग्रीमेंट था, वो अगर मान लेते. उन्होंने कहा कि आपने हमको सीएम पद इसलिए नहीं दी क्योंकि आप शिवसेना को खत्म करना चाहते है. अब उसको सीएम बनाया है जो शिवसेना से बागी हुआ है। राउत ने नसीहत देते हुए कहा कि शिवसेना तैयार है और रहेगी. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी को लोकतंत्र की चिंता रहती है क्या? महाराष्ट्र में लोकतंत्र बचा है लोग आने वाले समय में उनसे सवाल करेंगे। शरद पवार ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि, महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव होने की पूरी संभावना है. शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पांच से छह में गिर सकती है।

# श्रीलंका में अब एक और सप्ताह बंद रहेंगे स्कूल

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश श्रीलंका की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. नकदी की कमी के संकट से जूझ रहे श्रीलंका की स्थिति ऐसी हो गई है कि अभी उसके पास न तेल बचा है, न तेल खरीदने के लिए पैसे। इस कारण पड़ोसी देश ने स्कूलों को एक और सप्ताह के लिए बंद कर दिया है.



सरकार का कहना है कि अभी के हालात में अस्पताल व अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता बनाए रखना जरूरी है. इसी कारण स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है। एपी की एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री ने साफ कहा है कि उनके देश में अब कुछ ही दिनों की जरूरतों को पूरा करने भर का तेल बचा है. उन्होंने अन्य देशों में रह रहे श्रीलंका के प्रवासियों से पैसे भेजने को कहा है, ताकि उनका देश तेल खरीद सके. अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका के ऊपर भारी विदेशी कर्ज का बोझ है और वह किस्तें चुकाने में असमर्थ हो रहा है. इस कारण सप्लायर्स क्रेडिट पर तेल देने से मना कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र का स्कोर 164/99

# फ्लोर टेस्ट में पास हुए शिंदे, कांग्रेस NCP के 5 विधायक नहीं डाल पाए वोट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नए सीएम एकनाथ शिंदे ने अग्निपरीक्षा पास कर ली है. उन्होंने विधानसभा में बहुमत परीक्षण पास कर लिया है. उनको 164 वोट मिले हैं. वहीं सरकार के विपक्ष में 99 वोट पड़े. फ्लोर टेस्ट के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में श्रीरामचंद्र की जय, भारत माता की जय के नारे भी लगे। कई ऐसे विधायक थे जो वोट नहीं डाल पाये. कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने विधानसभा में होने के बावजूद वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया, इससे विपक्ष को नुकसान हुआ. उद्धव खेमे को वोटिंग के दौरान भी झटका लगा. उनके गुट के दो



विधायकों (एक शिवसेना का, दूसरा छोटे दल का) ने शिंदे सरकार के पक्ष में वोट डाला। महाराष्ट्र विधानसभा में वोटिंग पूरी हो चुकी है. एकनाथ शिंदे ने विश्वास मत जीत लिया है. शिंदे सरकार के पक्ष में 164 वोट पड़े हैं. वहीं सरकार के खिलाफ 99 वोट पड़े।

#### कांग्रेस विधायक बोले- अबतक 56...

विधानसभा में वोट देते हुए कांग्रेस विधायक कैलास गोरंट्याल ने कहा 'अब तक 56 (उनका वोट गिनकर).' उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में पहले साम, दाम, दंड, भेद जरूरी था. लेकिन अब ईडी, सीबीआई और गवर्नर जरूरी है. इसपर शिंदे गुट ने एतराज जताया। विपक्ष के चार विधायक वोट नहीं डाल पाये. इसमें कांग्रेस के अशोक चव्हाण, विजय वडेट्टीवार और NCP के अन्ना बंसोडे, संग्राम जगताप शामिल हैं.

# गरियाबंद में नगर पालिका परिषद का चार दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर

## शिविर में कलेक्टर और एसडीम ने भी सुनी लोगों की समस्या

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

नगर पालिका परिषद द्वारा आम जनता के समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने नगर में 4 जुलाई से 7 जुलाई तक तीन चरणों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फ़ार मेमन ने संतोषी मंदिर वार्ड से शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के पहले दिन वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन, चार और पांच के वार्डवासियों की समस्याए सुनी गई। इसमें कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष के लिए समयावधि तय की गई। शिविर के दौरान नपा के सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी मौजुद थे। इसमें कुछ देर के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक तथा एसडीएम विश्वदीप यादव भी शामिल हुए।



### ट्राईसिकल पाकर दिव्यांगों ने जताई खुशी

जनसमस्या निवारण शिविर में पूरे में दिन नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फ़ार मेमन ने आम जानता से सीधे रुबरु होकर उनकी समस्या सुनी। शिविर में आए सभी आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मेमन के निर्देश पर तत्काल मौके पर ही अग्निवीर योजना में शामिल होने जा रहे युवक को चरित्र प्रमाण पत्र दिया गया, वार्ड के दो हितग्राहियों को नल कनेक्शन प्रदान करने कार्रवाई की गई। इसके साथ शिविर में पहुँचे तीन वर्षीय दिव्यांग लक्ष्मी देवांगन को साइकल तथा छन्नु सिन्हा को ट्राइसाइकल प्रदान की गई। ट्राईसिकल मिलने से लक्ष्मी का चेहरा खिल उठा। वही छन्नु भी अब खुद से बिना सहारे आने जाने में समक्ष होगा। उनके परिजनो ने पालिका परिवार का आभार जताया।

### कलेक्टर ने कहा जरूरत सभी को मिलेंगा आवास

जनसमस्या निवारण शिविर में दोहपर 12:30 बजे कलेक्टर प्रभात मलिक और अनुविभागीय अधिकारी विश्वजीत यादव भी पहुंचे। कलेक्टर ने शिविर का निरीक्षण कर यहां पहुंचे लोगों से सीधे रूबरू चर्चा की। नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फ़ू मेमन ने उन्हे वार्ड की प्रमुख समस्याओं की जानकारी दी। इस दौरान आवास पट्टे की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने शासन की योजना के तहत कच्चे मकानधारी को एसची आवास देने के निर्देश दिए। तालाब के समीप कब्जाधारियों को विस्थापन व पक्के मकान के नियमितकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य समस्याओं के लिए पृथक से चर्चा कर हर संभव मदद का उन्होने आश्वासन दिया।

### एसडीम ने दी हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी विश्वजीत यादव ने लोगों को शासन के विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होने लोगो से श्रम कार्ड बनाने और राशन कार्ड महत्व बताया। इसके साथ शिविर में पेंशन, आवास पट्टा, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करने, निशुल्क स्वास्थ्य जांच और वैक्सीनेशन की अपील की। एसडीएम ने कहा कि शिविर में पूरा नपा अमला उठके आया है इसका सभी लाभ लेवे।



### आवास नामांतरण और राशन कार्ड के ज्यादातर आवेदन

शिविर में पहले दिन कुल 51 आवेदन आए। जिसके अधिकांश आवास पट्टा, राशन कार्ड और नामांतरण से जुड़े थे। इसके अलावा नल कनेक्शन, नाली की सफ़ाई, सड़क व नाली मरम्मत, आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पेंशन योजना का लाभ, रोजगार ऋण सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन मिले। नपा अध्यक्ष ने सभी आवेदनों पर त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया है। इसके बाद पांच और सात को भी शिविर लगेंगे।

### शिविर में ये जन प्रतिनिधी हुये शामिल

इस अवसर पर शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, नगर पालिका अधिकारी हितेंद्र यादव, सभापति आसिफ़ मेमन, विष्णु मरकाम, गुलेश्वरी ठाकुर, वंश गोपाल सिन्हा, पद्मा यादव, नीतू देवदास, वार्ड क्रमांक तीन के पार्षद विमला साहू, चार के पार्षद ज्योति साहनी, पंद्रह के पार्षद रितिक सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद ठाकुर के अलावा नगर पालिका के इंजी अश्वनी वर्मा, केशनाथ साहू, लेखापाल दुष्यंत साहू, पुरषोत्तम चंद्रकार, सपना मिश्रा, आकाश तिवारी, भूपेन्द्र कश्यप सहित सभी अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित है।

### पहले दिन इन वार्डो की सुनी समस्या

*जनसमस्या निवारण शिविर हेतु पांच वार्डो के लिए एक स्थान निर्धारित किया गया है। इसमें 4 जुलाई को नगर के वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन, चार और पांच के लिए वार्ड क्रमांक तीन संतोषी मंदिर के समीप शिविर लगाया गया। अब पांच जुलाई को वार्ड क्रमांक छः सात, आठ, नौ और दस के लिए वार्ड क्रमांक आठ डांक बंगला में गौरा चौरा के पास शिविर लगेगा। इसके बाद सात जुलाई को वार्ड क्रमांक ग्यारह, बारह, तेरह, चौदह और पंद्रह के लिए के लिए वार्ड क्रमांक 12 सुभाष चौक में शिविर लगेगा। शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित हो रहा है।*

मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद एक्शन मोड में कलेक्टर

# समीक्षा बैठक में भी मुख्यमंत्री ने की जिला प्रशासन की सराहना

**कोरिया।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर सर्किट हाउस में आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक में सड़क, वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हाट बाजार क्लिनिक संचालन, राजस्व प्रकरण सभी बिंदुओं पर जिला प्रशासन की बेहतर प्रगति पर सराहना कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का आज कोरिया जिला प्रवास खत्म होते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा घोषणाओं के पालन सुनिश्चित करने के लिए फील्ड पर पहुंचे। कलेक्टर ने ग्राम जमगहना में शासकीय आ.जा.क. हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया।विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर का जायजा लेते हुए प्राचार्य को शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप स्वामी आत्मानंन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तर्ज पर सभी शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएं।





निरीक्षण के दौरान कलेक्टर 10वीं कक्षा में पहुचे, वहाँ शिक्षक द्वारा संस्कृत का पाठ पढ़ाया जा रहा था। कलेक्टर ने स्वयं शिक्षक बन बच्चों को संस्कृत का पाठ पढ़ाया, बच्चों ने भी सवालों के जवाब दिए। इस दौरान छात्रा ईशा राजवाड़े ने शिक्षक बन गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की इच्छा जाहिर की, जिसपर कलेक्टर ने ईशा की इस सोच की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के घोषणा पर विभिन्न समाज के लिए भवन हेतु भूमि चिन्हांकन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विभिन्न समाज को भूमि आबंटन के निर्देश पर बैकुण्ठपुर के चेरवापरा में भूमि अवलोकन कर कलेक्टर ने 2.5 एकड़ प्लाट का चिन्हांकन कर भूमि आबंटन किए जाने के एसडीएम को निर्देश दिए।

# हडेली से बेचा मार्ग स्वीकृत, सुदूर अंचलों को मिलेगा लाभ

**कोंडागांव।** जिला कोंडागांव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर के सुदूर अंचल एवं अत्यंत सवेदनशील क्षेत्र हडेली से बेचा मार्ग जिसकी लम्बाई 17.50 कि. मी. है, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार आर.सी.पी.एल.डब्ल्यू.ई. आर.आर.पी. फेस-2 योजनान्तर्गत 917.95 लाख रुपए कि प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है ! उक्त मार्ग के बनने से मर्दापाल क्षेत्र के हडेली, पदेली, नवागांव, कड़ेनार, कीलम, व बेचा क्षेत्र के ग्रामो को इसका लाभ मिलेगा ! हडेली से बेचा मार्ग जिला कोंडागांव के मर्दापाल मुख्य जिला मार्ग से जिला नारायणपुर के राज्य मार्ग क्र. 05 जो कि बारसूर होते हुए गीदम को जोड़ता है, यह मार्ग नारायणपुर जिला के साथ दंतेवाड़ा जिला कि दुरी को भी कम करेगा ! उक्त मार्ग अत्यंत ही संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों को जिला आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था ! इस मार्ग के बनने से सुदूर अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक आवागमन में सुविधा होगी तथा उन्हें सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा !





# जिला कार्यक्रम आयोजन को लेकर सर्व आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

**धमतरी ।** विश्व आदिवासी दिवस जिला कार्यक्रम को लेकर सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी का बैठक सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के तहसील अध्यक्ष उमेश देव की अध्यक्षता में रविवार को बुधवारी बाजार परिसर नगरी में स्थित नव निर्मित सामाजिक भवन में जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी के जिलाध्यक्ष जीवरखन लाल मरई एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश रावटे की आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेन्द्र नागार्ची भी मौजूद रहे।बैठक उपरांत आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाली विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर आहूत की गई थी। चक्रीय क्रमानुसार इस बार पुनः नगरी ब्लॉक को मेजबानी का अवसर मिला है। पुरानी कृषि उपज मंडी स्थल ही आयोजन स्थल सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया है । विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम दौरान जिले के सभी ब्लॉक के सर्व आदिवासी समाज के सामाजिक जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगी।वहीं सर्वसम्मिति प्रस्ताव दौरान पराँपरिक जोत- जंवारा, पेन शक्ति की आगमन के दौरान सेवा होगी फिर सतरंगी ध्वजारोहण उपरांत कार्यक्रम की शुभारंभ होगी,आदिवासी लोककला सांस्कृतिक धरोहर का प्रस्तुति पूरे कार्यक्रम दौरान होती रहेगी,जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभागीय स्टाल लगवाने का प्रस्ताव लिया गया। कार्यक्रम का विशेष संचालन के लिए समिति निर्धारित की गई वहीं कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक कर नगरी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वयन सहायता एजेंसी प्रशिक्षण का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वयन सहायता एजेन्सी आईएसए के प्रशिक्षण 4 जुलाई को प्रारंभ किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना मण्डावी द्वारा पेयजल प्रबंधन, पेयजल की उपयोगिता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में आईएसए के सहभागिता हेतु सुश्री आशालता गुप्ता सदस्य सचिव-कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बेमेतरा द्वारा सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर समस्त आईएसए, सहायक अभियंता विप्लव घृतलहरे, एआर ध्रुव, पंकज जैन एवं उपअभियंता एसआर नारनौरे, कृष्णमूर्ति, डीएल वर्मा एवं आरके महोबिया एवं जिला समन्वयक उपस्थित थे।



## ऑनलाईन धारदार व बटंची चाकू मंगाने वालों के विरूद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

**धमतरी ।** अपराधों की रोकथाम हेतु ऑनलाईन शॉपिंग साइट से मगाये गये चाकू ( बटंची ) / छुरी एवं अन्य धारदार उपकरणों को किया गया बरामद सायबर सेल तकनीकी द्वारा कुल 150 नग चाकू ( बटंची ) / छुरी जप्त किया गया , फ्लिपकार्ट , स्नैपडील एवं ऑन लाईन शॉपिंग साईट्स से मंगाये गये है चाकू जिन लोगो द्वारा ऑन लाईन ऑर्डर कर मंगाये गये है चाकू ऐसे लोगो को दी जा रही है समझाईश अवैध रूप से चाकू रखकर घुमते पाये जाने पर की जायेगी आवश्यक वैधानिक कानूनी कार्यवाही जिला धमतरी के विभिन्न थाना / चौकी क्षेत्रान्तर्गत ऑनलाईन शॉपिंग साइट से आपत्तिजनक चाकू ( बटची ) मंगाई जा रही है ।

# एसपी ने ली आगामी विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर समस्त थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा आगामी छग पंचम विधानसभा सत्र को लेकर समस्त थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई।



जिसमें समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का अवलोकन करने एवं विधान सभा सत्र के दौरान पुछे गये प्रश्नो के संबंध में तत्काल जानकारी बनाकर सही समय सीमा में भेजने आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में निरीक्षक हरप्रसाद पांडेय, सीआर ठाकुर, अंबर सिंह, पुष्पेन्द्र भट्ट, अंजोर दास चतुर्वेदी, उप निरीक्षक नासिर खान, टीआर कोसिमा, डीएन सिंह, राकेश साहू, अंजोर साहू, रंजित प्रताप सिंह, एसपी रीडर विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरज भान सिंह तथा जिले के अन्य थाना-चौकी प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नव नियुक्त कलेक्टर हरिस एस ने कार्यभार ग्रहण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



आईएएस अधिकारी हरिस एस ने पूर्वान्ह 10 बजे कलेक्टर जिला सुकमा के पद पर विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। हरिस एस 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे बिलासपुर जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के रूप में पदस्थ थे। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर हरिस एस ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिला संयुक्त कार्यालय में संचालित कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालय, आदिम जाति कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, खनिज शाखा, श्रम विभाग सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर डीसी बंजारे उपस्थित रहे।

### ढाबे में शराब पीने का सामान मुहैय्या कराते पाये जाने पर की गई कार्यवाही

**धमतरी ।** पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर द्वारा असामाजिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने एवं उनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन में एवं अनु.अधिकारी पुलिस अभिषेक केशरी के नेतृत्व में थाना मगरलोड पुलिस के द्वारा होटल,ढाबा चेकिंग की कार्यवाही करने पर मगरलोड क्षेत्र में ढाबा संचालकों द्वारा ढाबा में कुछ लोगो को बैठाकर शराब पीने के लिए अवैध रूप से पानी डिस्पोजल चखना सुविधा उपलब्ध कराते हुये शराब पिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया

### निजी कंपनी के वर्कशॉप में डकैती डालने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों में नाबालिग भी शामिल

**कोरबा ।** दीपका के कसईपाली में निजी कंपनी के वर्कशॉप में 3 सप्ताह पहले दो कर्मचारियों को धमका-चमकाकर बंधक बनाते हुए डकैती डालकर कापर वायर पार करने वाले गिरोह के 8 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 12 जून की देर रात 2.30 बजे कसईपाली में निजी कंपनी के वर्कशॉप में हुई थीए जहां घटना के समय सिक्युरिटी गार्ड अरूण कुमार केरकेट्टा व उसका साथी नंदकुमार ड्यूटी पर तैनात थे। उस दौरान 5 लोग वर्कशॉप के पीछे दीवार पर लगी फेसिंग वायर को काटकर फांदते हुए अंदर घुसे, जहां अरूण कुमार व नंदकुमार को उन्होंने चाकू व रॉड दिखाकर डराते-धमकाते हुए जान से मारने की धमकी देकर कमरे में बैठा दिया। उसके बाद वर्कशॉप के ताला तोड़कर अंदर से इलेक्ट्रिक मोटर 90 केवी और 130 केवी में लगे 82 किलो कॉपर वायर क्वाइल को चोरी कर ली थी।

मामले में अपने स्तर पर पतासाजी के बाद सिक्युरिटी गार्ड ने दीपका थाना में घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस मामले में डकैती का केस दर्जकर जांच-पड़ताल में जुटी, जिसमें मुखबिर की सूचना पर रविवार को दीपका थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मढ़वाढोढ़ा बांकीमोंगरा निवासी विकेश दास 24, रूपेश कंवर 19, कृष्णादास 25, पुसउ दास 22, सिंधिया कटघोरा,निवासी महेन्द्र नायक 21, सागर दास 21, बिंझरा, कटघोरा निवासी संतलाल गोंड 27 समेत एक नाबालिग पकड़ा, जो गोबरघोरा जंगल में छिपे थे। उनकी जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दी थी। पूछताछ करने पर उन्होंने वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके आधार पर उनके पास से पार किया गया। कॉपर वायर समेत चाकू, रॉड व कटर जब्त किया गया। मामले में डकैती का केस दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया, वहीं नाबालिग आरोपी को बाल न्यायालय से बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

### पुरानी पेंशन योजना लागू करने बिजली कर्मचारी महासंघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति की रविवार को बिलासपुर में बैठक हुई, जिसमें कोरबा जिले सहित बिजली क्षेत्र से जुड़े महासंघ के अन्य क्षेत्रों के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसमें पदाधिकारियों ने सीएम की ओर से प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली के ऐतिहासिक निर्णय को पावर कंपनी में लागू नहीं करने को लेकर नाराजगी जताई। इस पर आक्रोश जाहिर करने के लिए 11 जुलाई को पूरे प्रदेश के क्षेत्रीय मुख्यालयों में आमसभा व प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।

# अविश्वास प्रस्ताव पारित, पालिकाध्यक्ष प्रकाश हुए पदच्युत

## कांग्रेस को मिले 20, प्रकाश को 3 और 6 मत खारिज, अगला अध्यक्ष कौन बाद में खुलेगा पत्ता

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




अंतत: नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर पदच्युत हो गये है। कांग्रेस द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर आज 4 जुलाई को सम्मिलन का आयोजन किया गया है। इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव पर पूर्ण मतदान मे भाजपा के प्रकाश चंद्राकर को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में जहां 20 मत पड़े वहीं विरोध में केवल 3 वोट पड़े। मतगणना में 6 मत खारीज कर दिया गया है। 1 पार्षद सम्मिलन में अनुपस्थित रहा। सम्मिलन की कार्यवाही निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। संयुक्त कलेक्टर व एसडीएम भागवत जायसवाल की मौजूदगी में हुए सम्मिलन की कार्यवाही के दौरान एहतियात के तौर पर चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग में दोनों तरफ बेरिकेट्स भी लगा दिये है। तथा अवांचित लोगों को प्रवेश को पूर्णत: निषिग्र कर दिया था। अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परिणाम सामने आने के बाद संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में कांग्रेसी पार्षदों और कार्यकर्ताओं का हुजूम जिंदाबाद के नारे लगाते हुये कांग्रेस भवन पहुंचा। जहां पर कांग्रेस की जीत के लिये मिस्ठान वितरण कर खुशी इजहार किया गया। कांग्रेस भवन में इस अवसर पर विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा किए कांग्रेस द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सफ्ल रहा अब आगे हाईकमान जैसा निर्देश करेगा उसे ही पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रकाश चंद्राकर ने कहा कि धन और बाहुबल के इस्तेमाल से भले ही उनकी कुर्सी जाती रही लेकिन वे भाजपा में रहकर जनता की सेवा करते रहेंगे।

### पालिकाध्यक्ष की जुबानी

वर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर पराजय स्वीकार करते हुये पालिका से बाहर निकलने पर संपूर्ण मीडिया के समक्ष मुखातिब होते हुये कहा कि मेरी हार षडयंत्र पूर्वक जन, धन और बाहुबली का प्रयोग करते हुये कांग्रेस के खाते में 20 व भाजपा के खाते में 3 बहुमत मिले। केवल एक वोट से मुझे हार का सामना करना पड़ा। चंद्राकर ने आगे कहा कि हार जीत तो जीवन का हिस्सा है और मैं तो प्रकाश चंद्राकर हूं जीवन में मैंने कई चुनौतियों का सामना किया। परंतु कभी हार नहीं माना और न ही निराश हुआ। मैं पुन: लौटकर वापस आउंगा ऐसा पालिकाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा।

### संसदीय सचिव एवं विधायक की जुबानी

महासमुंद विधानसभा के संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मीडिया के समक्ष कांग्रेस की जीत की उपलब्धि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिवादन करते हुये कहा कि आज जो हमें अविश्वास प्रस्ताव पश्चात 20 मतों की कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मत मिली है इससे आम जनता भलीभांति जानती है कि नगरपालिका परिषद महासमुंद में बदलाव लाना बेहद जरूरी हो गया था। जो कि आज बीजेपी के 2 पार्षदों ने वर्तमान पालिकाध्यक्ष से नाराजगी जाहिर करते हुये कांग्रेस पार्टी का दामन थाम कर हमें विजयी दिलवाये है। उनका मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। विधायक चंद्राकर ने अभी पालिकाध्यक्ष का प्रभार किनको सौंपा जाएगा यह पार्टी मिटिंग में तय की जाएगी। जो भी पालिका का प्रभार संभालेंगे वे कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित और योग्य होंगे उन्हीं को प्रभार सौंपा जाएगा।

### जश्न जीत का

*हमेशा की तरह महासमुंद का चुनाव एक एतिहासिकए इतिहास रचने वाला और रोमांचक होता है। जिस तरह से महासमुंद नगर पालिका परिषद के वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित कर आज कांग्रेस और भाजपा के बीच हुये मतदान में कांग्रेस पार्टी के 20 पार्षदों ने अपना पक्ष देते हुये मतदान किये। वहीं भारतीय जनता पार्टी के 3 पार्षदों ने अपना पक्ष देते हुये मतदान किये। जिससे बीजेपी को कांग्रेस पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस की इस जीत से चुनाव पर्यवेक्षक सुबोध हरितवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यालय नगर पालिका परिषद के बाहर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, विनोद भैया जिंदाबाद का नारा लगाते हुये विजय जुलूस निकालकर नगर पालिका से कार्यालय कांग्रेस भवन तक नारा लगाते हुये जमकर फटाके भी फोड़े।*

# छ.ग. हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय का किया अवलोकन



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुप कुमार गोस्वामी कल रविवार को एक दिवसीय शासकीय प्रवास पर जिला न्यायालय बेमेतरा पहुंचे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायधीश जयदीप विजय निमोणकर सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोस्वामी ने जिला न्यायालय परिसर बेमेतरा का अवलोकन किया। न्यायमूर्ति श्री गोस्वामी ने जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों से मिले और जनहित में निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर न्यायालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सहकारी समिति अंधियारखोर के औचक निरीक्षण पर पहुंचे राज महंत विजय बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




राज महंत विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त विकास निगम, छत्तीसगढ़ शासन सेवा सहकारी समिति अंधियारखोर का औचक निरीक्षण पर पहुंचे उन्होंने किसानों से सौजन्य मुलाकात कर खाद की समस्याओं की जानकारी लिए तथा अधिकारियों को निर्देशित दिये किसानों को किसी प्रकार की खाद लेने में कोई प्रकार की परेशानी न हो जिससे किसान अपने खेतों में सही समय पर खाद बीज डाल सके।

# गुणवत्ता विहिन नहर निर्माण को ग्रामीणों ने रोका



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना नहर निर्माण मे जगह जगह मिल रही खामियां, भ्रष्टाचार की शिकायत कोई सुध लेने वाला नहीं। ग्राम पंडरा पथरा के पास चल रहे नहर निर्माण को ग्रामीणों ने खराब गुणवत्ता के चलते रोक दिया

वहीं एसडीओ वर्मा से बात की गई तो उनके द्वारा काम रोक दो मैं आकर तुड़वा दूंगा कहा गया। समझने वाली बात यह है कि जब एसडीओ या इंजीनियर कोई मौके पर पहले जांच करने आएं फिर तोड़ने की बात करें। मामला शनिवार की सुबह का है जब ग्रामीणों ने नहर निर्माण कार्य को रोका चूंकि जहां मुरुम का इस्तेमाल होना है वहां मिट्टी के उपर रेत का उपयोग कर लीपापोती की जा रही है। वहीं



ढलाई 3 इंच बताया जा रहा है जबकि ढलाई महज 1 इंच के आसपास है। वहीं पानी तराई का तो कहीं नाम ही नहीं मौके पर लोगों ने देख पानी तराई की गई। सीसी ढलाई में रेशियो का आलम ऐसा की डंडे की महज हल्के ठोकर से ढलाई उखड़ रहा। बुरी तरह जम चुके सीमेंट को बोरी से निकाल कर कूट पीस कर चलाया जा रहा काम। मजदूरों को मेहनत भरपूर लिया जाकर कम दिया जा रहा मेहनताना।

वहीं सूत्रों से जानकारी मिल रही कि निर्माण कार्य मे लगने वाली सामग्रियों को सस्ते दामों में क्षेत्र में ही बेच कर भ्रष्टाचार किया जा रहा। कई स्थानों पर पुरानी पाइप लगाए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की। काम रोके जाने के बाद भी किसी अधिकारी का मौके पर न पहुंचना घोर लापरवाही तथा मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता सुधार न होने पर मुख्यमंत्री से इस बात की शिकायत किये जाने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि वे जांच कार्यवाही न होने पर चक्का जाम करेंगे।

## एक नजर

### फिर घटी, लूट की एक और घटना

पिता से बीमार बेटे के उपचार की रकम लूट ले गये लूटेरे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुत्र के उपचार के लिए रकम लेकर ससुराल जा रहे पिता को स्कूटी सवार तीन युवकों ने लूट लिया। घटना बीते 29 जून की सरायपाली थाना क्षेत्र के जोगनीपाली चौक की है। शाखाराम चौहान ने पुलिस को बताया कि वे बीते 29 जून की रात करीब साढ़े 12 बजे बाइक से अपने बच्चे की तबीयत खराब होने के कारण इलाज के लिए 10 हजार रुपए डिक्की में रखकर अपने ससुराल ग्राम सिरबोड़ा जा रहा था। जोगनीपाली के पास पहुंचा था जहां स्कूटी क्रमांक सीजी 6 जीएस 9824 को खड़ी कर तीन युवक बैठे थे जिनसे रुककर कुटेला चौक का रास्ता पूछा। और आगे चौक के लिए निकल गया कुछ दूर पहुंचने पर तीनों युवक पास आए। मुझे रोका और धक्का-मुक्की कर गाड़ी के डिक्की में रखे 10 हजार रुपएए जेब से मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस ने उनकी शिकायत पर स्कूटी सवार अज्ञात के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्टी विरोधी भाजपा के आठ पार्षदों के निष्कासन की अनुशंसा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अविश्वास प्रस्ताव में मिली पराजय के बाद समन्वय समिति ने भाजपा के आठ पार्षदों के पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप में निष्कासन की अनुशंसा कर प्रदेश कार्यालय को पत्र भेजा जा रहा है। जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी ने बताया कि पवन पटेल, महेन्द्र जैन, मंगेश टांकसाले, मनीष शर्मा, माधवी महेन्द्र सिका, मीना वर्मा, बड़े मुन्ना देवार, हफिज कुरैशी को पार्टी विरोधी कार्य करने के कारण समन्वय समिति ने निष्काषित करने की अनुशंसा की है

### दर्री पुलिस ने ग्राम चोरभट्टी में लगाया चलित थाना

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा कोरबा पुलिस को आम जनों से जोड़ने के अभिनव प्रयास किए जा रहें हैं। तुहंर पुलिस तुहंर द्वार, पुलिस संगवारी जैसे कार्यक्रमों के जरिए जनता से सीधे संवाद किया जाकर, उन्हें पुलिस को अपना मित्र और सहयोगी समझने की पहल की जा रही है। वहीं इस दिशा में चलित थाना लगाकर जनता की समस्यायों को उनके निकट ही पहुंचकर दूर करने का प्रयास भी प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस के द्वारा 03 जुलाई 22 की शाम चोरभट्टी में चलित थाने का आयोजन किया गया।

इसमें दर्री थाना के भूपेंद्र लहरे और पुलिस की टीम ने आम लोगो के मध्य बैठकर उनके साथ उनकी परेशानियां जानी और छोटी बातों का मौके पर ही समाधान भी किया।

## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़
कार्यालय धरमजयगढ़
मो. 7489419194,9479177711, 7879121221

# संकट में तालाबों की नगरी, प्रदूषित होने से मछलियां मरी

अब बदबू से श्रद्धालु परेशान, खतरे में तालाबों का अस्तित्व

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**रतनपुर को इतिहासकार तालाबों की नगरी के रूप में वर्णित करते हैं। लेकिन रतनपुर में ही अब तालाबों का अस्तित्व खतरे में दिख रहा है। यहां के एक प्राचीन तालाब कल्पेसरा का पानी प्रदूषित हो जाने के कारण इसके अंदर की मछलियां मरने लगी हैं।**



वहीं मरी मछलियों की दुर्गंध से वातावरण भी प्रदूषित होने लगा है। पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिध्द रतनपुर के माँ महामाया देवी मंदिर में आने वाले श्रद्धालु कल्पेसरा तालाब की बदबू से परेशान हैं और नाक मुंह बंदकर मंदिर में पहुंच रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी रतनपुर नगर पालिका का तालाबों को स्वच्छ बनाए रखने की ओर कोई ध्यान नहीं है।

### तालाबों की दुर्दशा पर मौन हैं जिम्मेदार

सूत्रों की मानें तो अब महामाया मंदिर ट्रस्ट यहां के तालाबों को ठेके पर देकर इसकी देखरेख करने का विचार कर रहा है। इस संबंध में पहले लिखित प्रस्ताव भी किया गया था। लेकिन रतनपुर नगर पालिका ने इन प्रस्तावो में कोइ रूचि नहीं ली। इसके चलते अब रतनपुर में तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इसके बाद भी नगर पालिका तालाबों की इस स्थिति पर मौन है।

अब या तो उन्हें तालाबों की ये दुर्दशा दिखाई नहीं पड़ रही है या फिर वे देखना नहीं चाह रहे हैं। बहरहाल देखना ये होगा कि सो हुए नगर पालिका की नींद कब खुलती है और तालाबों की ये स्थिति कब तक सुधरती है।

# टीबी के खतरे को कम करता नो स्मोक चूल्हा

## टीबी चैंपियन सीखा रहे मिट्टी का चूल्हा बनाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

**रायपुर के वार्ड 12 में रहने वाली राखी बाई परिवर्तित को क्षय रोग से संक्रमित होने का पता तब चला जब एक दिन उनके मोहल्ले में टीबी चैंपियन गीता बर्मन उससे घर-घर सर्वे करने आई।**




बात चीत में राखी ने गीता को बताया उसे काफी समय से खांसी आ रही है, बलगम भी बहुत आता है और कभी-कभी बलगम के साथ खून भी आता है । राखी बाई की थूक का सैंपल तुरंत लिया गया और उसकी जांच करवाने के बाद पता लगा उसे टीबी है। तब गीता दीदी ने मुझे बताया यह रोग पूरी तरह से ठीक होता है लेकिन उसके लिए 6 माह तक नियमित इलाज चलेगा। मुझे रोज दवा लेनी होगी क्योंकि अगर ऐसा न करने से रोग और गंभीर हो सकता है जिसका उपचार लम्बा और ज्यादा मुश्किल होगा, राखी ने बताया। गीता ने उसको यह भी बताया कि घर के चूल्हे से निकलने वाले धुएं से भी बीमारी बढ़ सकती है इसलिए उससे धुआं रहित चूल्हे का उपयोग करना चाहिए। धुआं रहित चूल्हा या नो स्मोकष चूल्हा घर पर ही बनाया जाता है और इसमें खर्चा भी बहुत ही कम होता है। कुछ ही दिनों में गीता की मदद से राखी के घर में भी नो-स्मोकष चूल्हा बनाया गया। इस चूल्हे का धुआं एक पाइप के माध्यम से बाहर निकल जाता है जिससे धुआं से होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है और खाना भी काफी समय तक चूल्हे पर गर्म रहता है। टीबी चैंपियन गीता बर्मन क्षय रोगियों और संभावित रोगियों को न केवल इस रोग के बारे में बताती है बल्कि धुएं से होने वाले रोगों के बारे में भी जानकारी देती है। चूल्हे पर खाना बनाने वालों को न सिर्फ धुआं रहित नो स्मोक चूल्हे के बारे में बताती है बल्कि धुआं रहित चूल्हा लगवाने में भी मदद करती है। गीता बर्मन कहती है वार्ड में चार घरों में धुआं रहित चूल्हा बनाया गया है। इस चूल्हे के निर्माण में 200 से 250 रुपये तक का खर्च आता है। इससे घर के अंदर धुआं नहीं फैलता और लकड़ी की खपत भी काफी कम होती है। यही इस चूल्हे की सबसे बड़ी विशेषता है। धुआं रहित चूल्हा होने की वजह से ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पनपने से काफी हद तक रोका जा सकता है। विशेष रूप से चूल्हे पर खाना बनाने वाली महिलाओं में टीबी के खतरे का जोखिम अधिक रहता है। परंपरागत चूल्हों से धुआं अधिक होता है। धुएं से होने वाले संक्रमण को भी कम कर देता है। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया धुआं रहित नो स्मोक चूल्हे के लिये जिले में जोर-शोर से प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें मितानिन भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह चूल्हा कई मायनों में सबसे अलग और विशेष है जिसे टीबी रोग से बचाव हेतु एहतियाती सुरक्षा के लिए कोई भी अपने घर बनवा सकता है। डोर टू डोर टीबी जागरूकता के दौरान टीबी रोग के संभावित मरीज चिन्हित होने की स्थिति में पीड़ित की सहमति से यह चूल्हा बनवाया जाता है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, मंगलवार 5 जुलाई 2022

## जितेंद्र कुमार ने जादूगर के लिए सीखा असली जादू



आगामी फिल्म जादूगर में नायक की भूमिका निभा रहे अभिनेता जितेंद्र कुमार का कहना है कि, उन्होंने जादू के गुण सीखने के लिए महीने भर का प्रशिक्षण लिया और एक जादूगर के रूप में परीक्षा पास करने के लिए एक ऑनलाइन जादू शो भी किया। फिल्म मीनू नाम के एक युवक के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक फुटबॉल खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक जादूगर भी है। मीनू का किरदार निभा रहे अभिनेता ने साझा किया कि, कैसे उन्होंने अपने अभिनय को सही करने के लिए विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जादू के गुण सीखे। जितेंद्र ने कहा, मैंने नवंबर 2020 में मैजिक ट्रिक्स के लिए प्रशिक्षण शुरू किया था और यह काफी लंबी और थकाऊ यात्रा थी जो लगभग डेढ़ महीने तक चली।

## कमर पर कट वाली बिकिनी में हिना खान ने फ्लॉन्ट किया अपना फिगर, फैंस कर रहे तारीफ

हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है हाल ही में उनके द्वारा शेयर की गई तस्वीरें फैंस के होश उड़ा रही हैं। हिना खान ने जो तस्वीरें शेयर की है उसमें वे बेहद हॉट नजर आ रही है। हिना खान ने एक ग्रीन कलर की खूबसूरत मोनोकनी पहनी हुई है जिसमें कमर पर एक कट भी है।



इस आउटफिट में हिना बड़ी खूबसूरती से अपने फिगर को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। आपको बता दें कि इंस्टाग्राम पर हिना खान के 17.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं और हिना खान की हर पोस्ट पर दिल खोलकर प्यार बरसाते है। हिना खान ने अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए एक प्रिंटेड श्रग को कैरी किया हुआ है। साथ ही मिनिमल मेकअप, सनग्लासेस और गोल्डन नेकलेस ने एक्ट्रेस के लुक में चार चांद लगा दिया है। फैंस को हिना का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। हिना इस ग्रीन कलर की बिकिनी में कैमरे को अलग-अलग पोज दे रही हैं और हर तस्वीर में एक्ट्रेस ने अपने लुक से कहर ढाया है।

हिना खान की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। यही वजह से कि उनका हर पोस्ट देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो जाता है। आपको बता दें कि हिना खान की इन तस्वीरों को अब तक 1.69 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

## 'यशोदा' के रैप अप के बाद वरलक्ष्मी सरतकुमार ने लिखा भावुक नोट

तमिल अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरतकुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'यशोदा' के सेट पर काम करते हुए कुछ खूबसूरत पलों का एक वीडियो साझा करने के बाद एक भावुक नोट लिखा है। वरलक्ष्मी सरतकुमार ने नोट में बताया है कि उन्हें सामंथा रूथ प्रभु अभिनीत 'यशोदा' की टीम के साथ काम करने में कितना मजा आया है।



वरलक्ष्मी के नोट में लिखा है, टीम यशोदा को बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सभी के साथ शूटिंग में बहुत मजा आया। फिल्म देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

'क्रैक' अभिनेत्री ने अपनी सह अभिनेत्री सामंथा को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, धन्यवाद इतनी ऑसम होने के लिए सामंथा रुथ प्रभु। मैंने अपने निर्देशकों और विशेष रूप से मेरे प्रिय डॉप सुगु सर के साथ सबसे अच्छा समय बिताया। धन्यवाद।

खबर है कि, फिल्म में अन्य मुख्य कलाकारों के अलावा वरलक्ष्मी सरतकुमार की भी अहम भूमिका है।

'यशोदा' एक महिलाउन्मुख साइ-फाई थ्रिलर फिल्म है, जिसे हरि और हरीश की जोड़ी ने निर्देशित किया है।

यशोदा के निर्माताओं का लक्ष्य इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ में एक साथ रिलीज करना है।

## बेड खरीदते से पहले इन बातों पर दें ध्यान, होगा सही चयन

एक बेड को चुनना उतना ही मुश्किल काम है, जितना कि चावल में से कंकड बिनना। यह सिर्फ एक मजाक था, लेकिन बेड एक महत्वपूर्ण चीज है क्योंकि यह न सिर्फ बेडरूम की शोभ बढ़ाता है बल्कि आपको आराम भी देता है। वैसे आजकल मार्केट में कई तरह के बेड है, लेकिन सही वही होगा, जो आपके बेडरूम के लिए सही होगा। आइए जानते हैं कि बेडरूम के हिसाब से किस तरह के बेड का चयन करना बेहतर है।



कमरे के साइज पर दें ध्यान

आप चाहें किसी फर्नीचर मार्केट जाकर बेड खरीदने वाले हो या ऑनलाइन, इससे पहले अपने उस कमरे की जगह को अच्छे से माप लें, जहां आप बेड रखने वाले हैं। यह काम इंची टेप की मदद से आसानी से हो सकती है, लेकिन अगर आपके पास इंची टेप नहीं है और आपके कमरे में टाइल लगी हैं तो उनकी लंबाई और चौड़ाई के हिसाब से गिनती करके उस फर्श की जगह को मापें, जिस पर आपका बेड रखा जाएगा।

**स्पेस होना है जरूरी**

अगर आपको अपने कमरे को अच्छा-खासा स्पेस वाला बनाना है तो अपने बेड को कोने में दीवार के पास रखें। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आपके कमरे या बाथरूम का दरवाजा बेड के करीब न हो क्योंकि इससे आपको उसे पूरी तरह से खोलने या बंद करने में दिक्कत आ सकती है। अगर आप अपने बेड के आस-पास स्पेस चाहते हैं तो इसे एक खिड़की के पास रखें।

किस साइज का बेड चुनें?

अगर आप दो लोगों के हिसाब से बेड खरीदने वाले हैं तो आपके लिए क्यून साइज बेड खरीदना करना अच्छा है। हालांकि, अगर आप तीन या चार लोगों के हिसाब से बेड खरीदने वाले हैं तो इसके लिए किंग साइज का चयन करें।

वैसे आजकल फर्नीचर मार्केट में कई तरह के साइज में बेड उपलब्ध है, जिन्हें आप अपनी पसंद और जरूरत अनुसार खरीद सकते हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो हमेशा बेड खरीदते समय सिर्फ इसकी सुंदरता पर ध्यान न दें बल्कि इसकी गुणवत्ता को भी महत्व दें।

## संगीत सुनने से सेहत को मिलते हैं चौकाने वाले फायदे

वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जिंदगी है और काम का वजन इतना अधिक बढ़ गया है कि मानसिक तनाव बढ़ने लगा है। वहीं बीते समय से कोरोना के चलते मानसिक तनाव की समस्याएं भी काफी सामने आई है। इसी के साथ अगर आप भी तनाव महसूस कर रहे हैं तो इसके लिए म्यूजिक या संगीत सुनना काफी बेहतर विकल्प माना जा सकता हैं। आज विश्व संगीत दिवस है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं क्या है संगीत सुनने के फायदे।



संगीत सुनने से सेहत को होने वाले खास फायदे-

– म्यूजिक की धुन हमारे मन और मस्तिष्क पर शांत प्रभाव पैदा करती है। जी हाँ और अगर आप मानसिक शांति चाहते है, तो म्यूजिक का सहारा लें।

– अगर आपका दिमाग खराब रहता है, चिड़चिड़ापन महसूस कर रहे है, तो नियमित रूप से भी आप म्यूजिक सुन सकते है।

– अगर आप अकेलापन महसूस करते हैं, तो संगीत को अपना साथी बना सकते है। मानसिक तनाव की सबसे अहम वजह अकेलापन होती है जब आपके पास ऐसा कोई नहीं जिनसे आप अपनी मन में चल रही परेशानियों को बता सकें, तो उस वक्त आप म्यूजिक का सहारा ले सकते हैं।

– संगीत की धुन कान में पड़ने से अच्छा महसूस करवाने वाले सेरोटोनिन और एंडोरफिन्स हार्मोन रिलीज होने लगते हैं।

– आज के समय में डिप्रेशन एक गंभीर समस्या है, और म्यूजिक इसके लिए काफी फायदेमंद साबित होता है।

– म्यूजिक थैरेपी स्ट्रेस फ्री रहने में मदद करती है, और एन्जाइटी की समस्या से बचाने में सहायक है।

– म्यूजिक परेशानियों को हल करने में काफी बेहतरीन साबित होता है।

# खेल

## टीम इंडिया की बढ़त 300 के पार, पुजारा 66 रन बनाकर आउट, पंत-श्रेयस क्रीज पर मौजूद

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट का चौथा दिन खेला जा रहा है। इंग्लैंड की पहली पारी को 284 रन पर समेटने के बाद भारत ने 300 रन की बढ़त ले ली है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर क्रीज पर मौजूद हैं।



### पुजारा की शानदार पारी हुई खत्म

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में पुजारा ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 168 गेंद में 66 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 8 चौके निकले। पुजारा को स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा। ब्रॉड की पटकी हुई गेंद को चेतेश्वर पॉइंट की दिशा में खेलना चाहते थे, लेकिन वहां खड़े एलेक्स लीस ने आसान सा कैच लपक लिया।

### बर्मिंघम में सिर्फ एक बार चेज हुआ है 250+ का टारगेट

बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में 250+ का टारगेट सिर्फ एक बार चेज हुआ है। साउथ अफ्रीका की टीम ने ये कारनामा 14 साल पहले 2008 में किया था। उन्होंने चौथी पारी में 283 रन बनाए थे और 5 विकेट से मैच अपने नाम किया था।

ऐसे में बुमराह की सेना के पास यह टेस्ट मैच और सीरीज जीतने का शानदार मौका है। अंग्रेजों को उनकी सरजमीं पर किसी टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने आखिरी बार 2007 में हराया था। वर्तमान में टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ उस समय टीम के कप्तान थे।

### पंत से फिर बड़ी पारी की उम्मीद

दूसरी पारी में टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही थी। पहले ही ओवर में शुभमन गिल को जेम्स एंडरसन ने आउट कर दिया था। उन्होंने 3 गेंद में 4 रन बनाए थे। गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए हनुमा विहारी 44 गेंद में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनको स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा।

## लोरेंजो सोनेगो को हराकर विंबलडन 2022 के चौथे दौर में पहुंचे राफेल नडाल



**नईदिल्ली ।** स्पेन के 22 बार के मेजर चैम्पियन राफेल नडाल ने शनिवार को विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया. नडाल ने तीसरे दौर के मुकाबले में 27वें नंबर के लोरेंजो सोनेगो पर 6-1, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की. अब चौथे दौर में उनका सामना 21वें नबंबर के बोटिक वान डि जांड्शुल्प से होगा. दूसरी वरीयता के नडाल ने साल 2008 और 2010 में विबंलडन खिताब जीता है और अब तीसरी बार ये प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिद्वंद्विता कर रहे हैं. 36 वर्षीय खिलाड़ी को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए लगातार चार-सेट से मैच जीतने की आवश्यकता थी और पिछले साल चौथे दौर में जगह बनाने वाले सोनेगो के खिलाफ कड़े मैच की उम्मीद थी.

## एक नजर

### लगातार 37 मैच जीतने के बाद रुका इगा स्विएटेक का अजेय रथ, अलिज़े कॉर्नेट के खिलाफ विंबलडन मैच में मिली हार

**नईदिल्ली।** शीर्ष रैंकिंग की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक की 37 मैचों की जीत का सिलसिला विम्बलडन के तीसरे दौर में शनिवार को एलिज कॉर्नेट से सीधे सेटों में हार के साथ समाप्त हो गया. फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक को फ्रांस की 37 वीं रैंकिंग वाली कॉर्नेट ने महिला एकल मैच में 6-4, 6-2 से हराया. एक घंटे 33 मिनट तक चले इस मुकाबले में स्वियातेक ने 33 असहज गलतियां की जबकि कॉर्नेट ने सिर्फ सात बार ऐसी गलती की. स्वियातेक का अजेय क्रम फरवरी से चल रहा था, जिस दौरान उन्होंने लगातार छह टूर्नामेंट जीते. ऑल इंग्लैंड क्लब में कॉर्नेट का ये पहला आश्चर्यजनक परिणाम नहीं है. उन्होंने 2014 में इस ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में सेरेना विलियम्स को हराया था.

जेसिका पेगुला का इस साल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सिलसिला तीसरे दौर में क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से हार के बाद खत्म हो गया है. मार्टिक ने अमेरिका की आठवीं वरीयता प्राप्त 28 साल की खिलाड़ी को 6-2, 7-6 से हराया.

### जेम्स एंडरसन की टिप्पणी पर रवींद्र जडेजा का करारा जवाब, याद की 2014 की वो घटना

**बर्मिंघम ।** विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत के बाद ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के शतकीय पारी की बदौलत टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में 416 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. मैच के दूसरे दिन जडेजा ने जेम्स एंडरसन के खिलाफ बोल्ड होने से पहले 194 गेंदो पर 104 रनों की शानदार पारी खेली. दिन का खेल खत्म होने के बाद एंडरसन ने जडेजा की शतकीय पारी पर कहा, पहले वो नंबर 8 पर आता था, निचले क्रम के साथ बल्लेबाजी करता था इसलिए उसे अपने हाथ को थोड़ा सा मौका देना पड़ता था, जबकि अब नंबर 7 पर वो एक पूर्ण बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर सकता है. वो शुरुआत में अच्छी तरह से गेंद छोड़ता है और हमारे लिए मुश्किल बना देता है.

### इंग्लैंड को ऑलआउट करने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**नईदिल्ली ।** दिग्गज हरफनमौला रविन्द्र जडेजा (104) की शतकीय पारी के बाद भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के बल्ले और गेंद से कमाल के दम पर भारत ने पांचवें क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन शनिवार को यहां पहली पारी में इंग्लैंड के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली. बुमराह ने नाबाद 31 रन की पारी के दौरान बल्ले से एक ओवर में 29 रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया और फिर इंग्लैंड के शुरूआती तीनों विकेट झटके, जिससे मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 27 ओवर में 84 रन पर पांच विकेट गंवा दिये. स्टंप्स के समय जॉनी बेयरस्टो (12) के साथ कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) क्रीज पर मौजूद थे. भारत ने पहली पारी में 416 रन बनाये जिससे इंग्लैंड की टीम अब भी 332 रन पीछे है. इंग्लैंड प्लेइंग: एलेक्स लीज़, जैक क्रॉली, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), सैम बिलिंग्स (विकेटकीपर), मैटी पॉट्स, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच, जेम्स एंडरसन।

## पुजारा ने जड़ा 33वां अर्धशतक; कोहली का फ्लॉप शो जारी

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। पहली पारी में भारतीय टीम ने 416 रन बनाए। जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 284 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 125 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर टीम इंडिया की बढ़त 257 रन हो गई है। ऋषभ पंत 30 और चेतेश्वर पुजारा 50 रन बनाकर खेल रहे हैं।



दूसरी पारी में टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में शुभमन गिल को जेम्स एंडरसन ने आउट कर दिया। उन्होंने 3 गेंद में 4 रन बनाए। गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए हनुमा विहारी 44 गेंद में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनको स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा।

### विराट का फ्लॉप शो जारी

दूसरी पारी में भी टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली फ्लॉप रहे। विराट 40 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लिया। ये 5वीं बार था जब स्टोक्स ने कोहली को अपना शिकार बनाया। जिस तरह से कोहली को शुरुआत मिली थी ऐसा लग रहा था कि विराट बड़ी पारी खेलने वाले हैं, लेकिन उन्होंने एक बार फिर निराश किया।

## भारत ने इंग्लैंड को ड्रॉ पर रोका

### विमेंस वर्ल्ड कप हॉकी में पिछड़ने के बाद भारत ने की बराबरी, वंदना कटारिया ने किया गोल

टोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने रविवार को एम्सतेलवीन में चल रहे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। इंग्लैंड ने मैच के नौवें मिनट में इसाबेला पीटर के गोल की मदद से 1-0 की बढ़त बना ली थी। वंदना कटारिया ने 29वें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी दिला दी।




भारतीय टीम ने इस मैच में अच्छी शुरुआत की और पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, इस पर गोल नहीं हो पाया। इसके बाद इंग्लैंड ने काउंटर अटैक जारी रखा और आखिरकार 9वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। पहला क्वार्टर इंग्लैंड के पक्ष में 1-0 के स्कोर लाइन पर खत्म हुआ।

दूसरे क्वार्टर के ज्यादातर हिस्से में इंग्लैंड ने अपनी बढ़त बनाई रखी। 28वें मिनट में भारत को मैच का चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला। वंदना कटारिया ने रीबाउंड पर गोल कर टीम को बराबरी दिला दी। तीसरे और चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों की ओर से कई हमले हुए लेकिन किसी को गोल करने में सफलता नहीं मिली।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद एक्शन मोड में कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-
कोरिया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर सर्किट हाउस में आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक में सड़क, वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हाट बाजार क्लिनिक संचालन, राजस्व प्रकरण सभी बिंदुओं पर जिला प्रशासन की बेहतर प्रगति पर सराहना कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का आज कोरिया जिला प्रवास खत्म होते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा घोषणाओं के पालन सुनिश्चित करने के लिए फील्ड पर पहुंचे। कलेक्टर ने ग्राम जमगहना में शासकीय आजाक हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर का जायजा लेते हुए प्राचार्य को शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की मंशानुरूप स्वामी आत्मानंन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तर्ज पर सभी शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने पढ़ाया संस्कृत का पाठए 10वीं की छात्रा ईशा ने शिक्षक बन गांव के बच्चों को पढ़ाने की इच्छा की जाहिर किया निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा 10वीं कक्षा में पहुचेए वहां शिक्षक द्वारा संस्कृत का पाठ पढ़ाया जा रहा था। कलेक्टर ने स्वयं शिक्षक बन बच्चों को संस्कृत का पाठ पढ़ायाए बच्चों ने भी सवालों के जवाब दिए। इस दौरान छात्रा ईशा राजवाड़े ने शिक्षक बन गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की इच्छा जाहिर कीए जिसपर कलेक्टर ने ईशा की इस सोच की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न समाज के लिए भूमि आबंटन के निर्देश

इसके बाद कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के घोषणा पर विभिन्न समाज के लिए भवन हेतु भूमि चिन्हांकन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विभिन्न समाज को भूमि आबंटन के निर्देश पर बैकुण्ठपुर के चेरवापरा में भूमि अवलोकन कर कलेक्टर ने 2.5 एकड़ प्लाट का चिन्हांकन कर भूमि आबंटन किए जाने के एसडीएम को निर्देश दिए।

### जाति प्रमाण पत्र कैम्प का निरीक्षण

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सोरगा में जाति प्रमाणपत्र शिविर का निरीक्षण कर कलेक्टर शर्मा ने राजस्व अधिकारियों को एक माह के भीतर सारी प्रक्रिया पूर्ण कर जाति प्रमाणपत्र हेतु आवेदन लेकर आए लोगो को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। आवेदन लेकर आयी गोड़ जनजाति की कमला सिंह ने कलेक्टर शर्मा को बताया कि उन्हें शिविर के बारे में ग्राम के चौकीदार ने घर आकर बतायाए तो मैंने यहां स्वयं एवं अपने भाई के जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए आवेदन दिया है।

### पटना में स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए स्थल निरीक्षण

*मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पटना में हुई भेंट-मुलाकात में पटना में स्वामी आत्मानन्द स्कूल शुरू की घोषणा के अनुपालन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण कर एसडीएम बैकुण्ठपुर को जल्द प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने कक्षाओं का निरीक्षण कियाए इस दौरान कक्षा 10वीं के बालकों में पंजीकृत 30 बच्चों में से केवल 13 की उपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने प्राचार्य को उपस्थिति पूर्ण कराए जाने के कड़े निर्देश दिए।*

## एक नजर

### निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने एडीएम को सौंपा कार्यभार




**बिलासपुर** । निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज अपना कार्यभार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन को सौंपा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर को प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के पद पर पदस्थ किया गया है।

### नव नियुक्त कलेक्टर सौरभ कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया




**बिलासपुर** । बिलासपुर जिले के नव नियुक्त कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज 4 जुलाई 2022 को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। एडीएम श्रीमती जयश्री जैन ने उन्हें कार्यभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुमार 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पूर्व वे रायपुर एवं दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर रहे चुके है। इसके अलावा कलेक्टर श्री कुमार ने बिलासपुर एवं रायपुर नगर निगम में कमिश्नर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है।

### फैक्ट्री में चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

**रायपुर** । उरला स्थित एक फैक्ट्री में कॉपर चोरी कर ले जा रहे कर्मचारी को पकड़ा गया है। मामलें की शिकायत उरला थाने में दर्ज करवाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अद्योगिक क्षेत्र उरला स्थित आस्था फेरो एलॉयस प्राईवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्य करने वाले संतोष कुमार यदु को चोरी करते पकड़ा गया है। आरोपी रविवार को ड्यूटी से छूटने के बाद घर जाते समय फैक्ट्री से पांच हजार रूपए कीमत का ताम्बे का टुकड़ा चोरी कर छिपाकर ले जा रहा था जिसे सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा और इसकी शिकायत थाने में दर्ज करवाई। शिकायत पर आरोपी के विरूध्द धारा 379 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### महिला से दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या,आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ने दुष्कर्म के बाद महिला के गुप्तांग में तवे के मुठ से किया हमला

**जांजगीर-चांपा** । जिले के अकलतरा के ग्राम पौड़ीभाटा में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। महिला का दुष्कर्म करने के बाद बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने मामले में हत्यारे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि रविवार को पुलिस को अकलतरा के ग्राम पौड़ीभाटा में एक महिला की लाश मिली थी जिसका दुष्कर्म कर बेरहमी से हत्या की गई थी। जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच की जार रही थी। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अज्ञात आरोपी को पकडने् के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच टीम द्वारा पूछताछ के दौरान थाना अकलतरा के फरार निगरानी बदमाश सूरज भोई पोड़ीभाठा आने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने बदमाश सूरज भोई की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 2 जुलाई को अकलतरा आया हुआ था। अपने घर पोंडी भांटा में रात को घूम रहा था। उसी दौरान घर के सामने वाले गली में घर का दरवाजा खुला हुआ दिखा जहां एक महिला अकेली सोई हुई थी। उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया।

# शासन की योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन-कलेक्टर रानू साहू

कलेक्टर साहू ने ली जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।



कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं को विभागवार समीक्षा करते हुए शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक लोग शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। कलेक्टर साहू ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ लाभान्वितों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिससे योजनाओं से लाभान्वितों को चिन्हांकित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों के साथ बेहतर संचालन किया जाए। कलेक्टर साहू ने कहा कि स्कूलों की इन्फ्रॉस्ट्रक्चर बेहतर हो चुके है। अब विद्यार्थियों का परीक्षा में प्रदर्शन बेहतर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने खाद्य विभाग को पात्र हितग्राहियों के पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर उनके कार्यो को मूल्यांकन किए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यो का विभाजन कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत, निगम आयुक्त संबित मिश्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### माँ महामाया के दरबार पहुँचे नव पदस्थ आईएएस कलेक्टर सौरभ कुमार पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**रतनपुर**। जिले के नए कलेक्टर आईएएस सौरभ कुमार ने सोमवार को बिलासपुर कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया, जहाँ अधिकारी कर्मचारियों से मुलाकात के बाद वह सीधे रतनपुर माँ महामाया मंदिर पहुँचे जहाँ उन्होंने विधिविधान से पूजा अर्चना की और जिले की खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

## बारिश में होने वाली समस्याओं, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण संबंधी बैठक संपन्न




**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर्स एवं पर्यावरण प्रेमियों के साथ एक आवश्यक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में जगदलपुर शहर के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड में बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता एवं वृक्षारोपण किस प्रकार किया जाए इस बात को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान आगामी योजना के बारे में उपस्थित जनों ने अपने सुझाव दिए। बैठक में प्रमुख रूप से यशवर्धन राव वरिष्ठ पार्षद एवं पीडब्ल्यूडी सभापति नगर निगम, नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर संपत झा, आर एन पांडे, विधु शेखर झा, अजय पाल सिंह, कोटेश्वर नायडू, डीके पाराशर, धीरज कश्यप, राजीव निगम, योगेश शुक्ला, रोशन झा, शिव रतन खत्री, कलविंदर सिंह राजू सुलता महाराणा सविता देवांगन, बनवाली सुशील साहू, रमन चौहान, विनोद पांडेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 8 वर्ष पश्चात लापता महिला मिली अपने परिजनों से

सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास का रहा सहयोग

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

महिला एवं बाल विकास विभाग शासकीय रिशेप्सन सेंटर बैंगलोर द्वारा 42 वर्षीय महिला को लापता अवस्था में पाये जाने पर रिशेप्सन सेंटर बैंगलोर लाया गया। उक्त महिला से बातचीत के दौरान पता चला कि वह महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। जिसका इलाज कराया गया तत्पश्चात उक्त महिला द्वारा अपना नाम व पता बताया गया। जिसके पश्चात रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक द्वारा नेट में सर्च कर सखी सेंटर रायगढ़ का फोन नंबर निकाला गया व सखी सेंटर से संपर्क कर उक्त महिला की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला महिला संरक्षण अधिकारी को दी गई व उनके निर्देशानुसार महिला के परिजनों की पतासाजी आरंभ की गई।

सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा उक्त महिला से फोन में बात कर नाम व पता जानने का प्रयास किया गया परंतु महिला मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होने के कारण पता बताने में असमर्थ थी। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा उक्त महिला से लगातार विडियो कॉल के माध्यम से महिला के परिजनों के विषय में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तब महिला ने अपना नाम, पति का नाम व स्वयं का पता बताया। जिसके आधार पर संबंधित थानों के साथ-साथ गांव के सरपंचों से बात कर महिला के परिजनों की पतासाजी हेतु उक्त महिला की फोटो, नाम व पता भेजा गया। काफी प्रयासों के बाद महिला द्वारा अपने बच्चों का नाम बताया गया, जिसके आधार पर उक्त महिला के निवास स्थान का पता लगाया गया व उक्त जानकारी रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक को दी गई। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा तत्काल संबंधित थाना से समन्वय कर उक्त महिला की बातचीत परिजनों से कराया गया। परिजनों द्वारा सखी सेंटर रायगढ़ को जानकारी दी गई की उक्त महिला 8 वर्ष पूर्व मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण बिना किसी को जानकारी दिये घर से निकल गई जिसके पश्चात परिजनों के द्वारा उक्त महिला की खोजबीन आसपास व रिश्तेदारों में भी किया गया परंतु महिला की किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त नही हुई। 8 वर्ष बाद जब परिजनों को सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के माध्यम से उक्त महिला के जीवित व सुरक्षित होने की जानकारी मिलने पर परिजनों को विश्वास नहीं हो रहा था। जिसके पश्चात परिजनों को उक्त महिला से विडियो कॉल के माध्यम से बात कराया गया। दिनांक 02 जून 2022 को रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक से उक्त महिला को रायगढ़ छण्गण्ढ्ढ लाने की अनुमति मिलने पर दिनांक 26 जून 2022 को सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा महिला के परिजनों, भाई व बेटी के साथ उक्त महिला को लेने बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पहुँचे। पीड़ित महिला अपने भाई व बेटी को देखकर काफी खुश हुई व उनकी आँखों से आंसू छलकने लगे। सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने उक्त महिला को उनके परिजनों को सौंपा।

# कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर रेडक्रास से दो मरीजों को इलाज के लिए मिली मदद

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अलग-अलग वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों व उसके परिजनों से मिलकर उनको मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली।



इसी कड़ी में 68 वर्षीय रायगढ़ के अम्बेडकर निवासी तिलकराम भास्कर ने कलेक्टर को बताया कि मुझे इलाज के दौरान रायपुर रेफर कर दिया गया है, लेकिन मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण रायपुर नहीं जा पा रहा हूं। कृपया मुझे रायपुर इलाज कराये जाने हेतु व्यवस्था कराये। कलेक्टर साहू ने उनकी बातों को सुनकर तत्काल सचिव रेडक्रॉस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी को मरीज को इलाज के लिए रायपुर जाने हेतु नि:शुल्क व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्हें रेडक्रॉस के सहयोग से तिलक राम को रायपुर रवाना किया गया।

इसी तरह धरमजयगढ़ जेलपारा निवासी अमरजीत सारथी अपने लड़के का पैर टूटने पश्चात जिला चिकित्सालय इलाज कराने लाये थे। उन्होंने कलेक्टर साहू को बताया कि पैर में पलास्टर करने के पश्चात वार्ड ब्वाय द्वारा उनसे रुपये लिए गए थे। जिस पर कलेक्टर साहू ने गहरी नाराजगी जताते हुए तत्काल अस्पताल प्रबंधन को मरीज से लिए गए रुपये वापस करने एवं नि:शुल्क इलाज व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। अमरजीत ने बताया कि कलेक्टर की पहल पर उनके रुपये उन्हें वापस मिल गए है और बेहतर इलाज चल रहा है तथा किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है, रेडक्रॉस से भी मदद मिल रही है।




# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से खेती किसानी को मिल रहा प्रोत्साहन-किसान जयनाथ

जोहार छत्तीसगढ़-
जशपुर।

किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को उनकी उपज का वास्तविक दाम मिल रहा हैए जिससे किसानों को खेती.किसानी के कार्यों में अच्छी सुविधा मिल रही है।



साथ ही कृषकों को अपने अन्य घरेलू जरूरतों की भी पूर्ति करने में सहारा मिला है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जशपुर विकासखंड के ग्राम लुईकोना के किसान जयनाथ राम ने खरीफ वर्ष 2021-22 में 132.40 क्विंटल धान सहकारी समिति में विक्रय किया है। जिसका उन्हें कुल 2,56,856 रुपये धान विक्रय के समय ही मिल गया था एवं योजना के तहत बोनस राशि का 24,118 रुपए प्रथम किश्त के रूप में उनके खाते में प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन राशि मिल जाने से उन्हें रबी एवं खरीफ फसल की तैयारी करने, खाद बीज खरीदारी करने में सुविधा होती है। प्राप्त राशि का वे अपने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ ही अपने खेतों में दोहरी फसल व मौसमी सब्जी का उत्पादन करने में भी उपयोग करते है। जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी मिलती है। किसान जयनाथ बताते हैं कि राजीव गाँधी किसान न्याय योजना लागू कर मुख्यमंत्री ने किसानों को बड़ी राहत पहुँचाई है। यह योजना उनके और उनके परिवार के लिए बहुत लाभकारी साबित हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना की राशि सही समय में प्राप्त होती हैए जिससे उन्हें उन्नत कृषि करने में सहायता मिलती है। इससे उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति में निरंतर वृद्धि हो रही है। किसान जयनाथ ने इस जनकल्याणकारी योजना संचालन के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं जिला प्रशासन को ज्ञापित कर सहृदय धन्यवाद दिया।



# शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और आमनागरिकों कि समस्याओं का निराकरण होगी प्राथमिकता- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जिले के नए कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण करने के पश्चात तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों से मुलाकात व चर्चा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आम जनमानस तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशासन के साथ जिले में मीडिया का बेहतर तालमेल हो और पाठकों तक सकारात्मक कार्य उपलब्ध होए यह उनकी कोशिश होगी। वे सकारात्मक आलोचनाओं का स्वागत करते हैं और ऐसी आलोचनाओं में सुधार की आवश्यकताओं पर भी ध्यान अवश्य केंद्रित करेंगे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ अपने स्तर पर आमनागरिकों की जो भी समस्याएं हैं, उनका भी त्वरित निराकरण करेंगे। जिले में स्वास्थ्यए शिक्षा, पोषण, किसानों से जुड़ी योजनाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्टर ने मीडिया के पत्रकारों के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित किए जा रहे योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। उन्होंने पत्रकारिता के कार्य को बहुत जिम्मेदारी वाला बताते हुए कहा कि पत्रकारिता में यह कोशिश होनी चाहिए कि हम पूर्वाग्रह से ग्रसित न होकर सकारात्मक पत्रकारिता को स्थान दे और किसी महत्वपूर्ण खबर पर दूसरे पक्ष की बातों को भी स्थान दे,, ताकि किसी तरह की भ्रम की गुंजाइश न हो। सिन्हा ने बताया कि वे जनसंपर्क आयुक्त भी रहे हैं और मीडिया से उनका नियमित संवाद के साथ एक साथी के रूप में भी



संबंध बना हुआ है। उन्होंने जिले में बेहतर कार्य होने की बात कहते हुए कहा कि आगे भी और बेहतर कार्य करने की कोशिश होगी। इस अवसर पर सक्ति एसडीएम आईएएस रेना जमील, डिप्टी कलेक्टर आर पी आंचला भी उपस्थित थे।

### प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि प्रशासन में जनपद, तहसील सहित अन्य शासकीय कार्यालय व विभाग महत्वपूर्ण होते हैं। यहां आमनागरिकों की समस्याओं का निराकरण के साथ योजनाओं का भी क्रियान्वयन मैदानी स्तर पर होता है। इसलिए उनकी यही कोशिश होगी कि प्रशासन स्तर पर पारदर्शिता की झलक सभी को देखने मिले।

### गड़बड़ी पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर सिन्हा ने मीडिया से कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लिया जाएगा। इसके अलावा जो भी गड़बड़ियां सामने आएगी उस पर जांच के साथ कार्यवाही भी सुनिश्चित करेंगे। वे स्वयं भी जिले में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ हितग्राहियों से मिलेंगे और अपने स्तर पर उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करेंगे। किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आने पर कार्यवाही भी करेंगे।

### जांजगीर-चाम्पा जिले से हैं अपनत्व की भावना

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि वे पूर्व में भी इस जिले में रह चुके हैं। वे बिलासपुर जिले के हैं और वही पढ़ाई भी किए हैं। जांजगीर-चाम्पा जिला को पहले से भलीभांति जानते हैं। यहां के लोग सरल और किसान है। एक बड़ा कृषि क्षेत्र होने के नाते उनकी भी कोशिश होगी कि शासन की कृषि आधारित योजनाओं का लाभ किसानों तक अवश्य पहुंचे। उन्हें खाद-बीज का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह जिला उन्हें अपनत्व का अहसास कराता है।

### राहुल का रेस्क्यु एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी वर्क

कलेक्टर सिन्हा ने ग्राम पिहरीद में राहुल साहू के रेस्क्यु के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया ने भी इस रेस्क्यु ऑपरेशन को सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। यह एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी वर्क था।

---

एक नजर

## विद्यालयों में शिविर लगाकर बच्चों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में सभी स्कूली बच्चों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड अभियान चलाकर बनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज विभिन्न शासकीय स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से राज्य के निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों के साथ ही विभिन्न राज्यों के पंजीकृत चिकित्सालय में इस कार्ड से आसानी से ईलाज कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 104 या मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## जिले में 1 जून से अब तक 108.3 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 108.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 4 जुलाई तक औसत वर्षा 266.8 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जशपुर तहसील में 96 मिमी, मनोरा में 149.6 मिमी, कुनकुरी में 90.6 मिमीए दुलदुला में 129.1 मिमीए फरसाबहार में 92.8 मिमी, बगीचा में 156.2 मिमी, कांसाबेल में 28.१ मिमी, पत्थलगांव में 68.7 मिमी एवं सन्ना में 163.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में दर्ज की गई है।

## संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में 8 जुलाई को जाति प्रमाण के संबंध में समाज प्रमुखों की होगी बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले में संभागीय आयुक्त जीआर चुरेन्द्र की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों की बैठक 8 जुलाई 2022 को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि बैठक में ऐसे जाति के समाज प्रमुख जिनके जाति प्रमाण पत्र बनाने में समस्या हो रही है वे निर्धारित तिथि को बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें पानी में डूबने से दुलदुला तहसील के ग्राम चरईडांड निवासी राजेश सिंह पिता बिहारी की मृत्यु 22 मार्च 2022 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सहोद्रा सिंह हेतु 4 लाख एवं आग में जलने से दुलदुला तहसील के ग्राम साजापानी निवासी अग्नेश्वर सिंह की मृत्यु 9 फरवरी 2022 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी तारणी सिंह हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जिले में 202.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 जुलाई तक 202.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 32.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 280.2 मिली मीटर, पुसौर में 304.9, खरसिया में 235.9, सारंगढ़ में 267.3, बरमकेला में 176.5, घरघोड़ा में 148.9, तमनार में 221.3, लैलूंगा में 148.8, धरमजयगढ़ में 130.2, सरिया 141.9 एवं छाल तहसील में 173 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

---

शिकायत पर हुई तत्काल कार्यवाही

## शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

कलेक्टर साहू के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने स.शि.एल.बी.श्याम कुमार कमल के विरूद्ध प्राप्त शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि गत दिवस सरपंच ग्राम पंचायत कलमी विकासखण्ड रायगढ़ एवं ग्रामवासी तथा स्कूल के बच्चों ने कार्यालय में आकर विद्यालय के शिक्षक श्याम कुमार कमल के विरूद्ध शराब पीकर विद्यालय आने, अध्ययन-अध्यापन के प्रति गंभीर नहीं रहने, बच्चों से गाली-गलौज किए जाने संबंधी शिकायत एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत करते हुए शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की गयी थी। निलंबन पश्चात शिक्षक श्याम कुमार कमल को मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ में पदस्थ किया गया है।

## आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं शासकीय तथा अशासकीय छात्रावास-आश्रम अधीक्षकों की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



आदिम जाति कल्याण विभाग के उपायुक्त बीके राजपूत की अध्यक्षता में विगत दिवस विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय के प्राचार्यो एवं शासकीय तथा अशासकीय छात्रावास-आश्रमों के अधीक्षकों की जिला स्तरीय बैठक स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में श्री गोपेश मनहरए सहायक संचालकए विभागीय अनुविभागीय अधिकारीए उप.अभियंताए मण्डल संयोजकए कार्यालय सहायक आयुक्त के अधिकारी कर्मचारी एवं आवासीय विद्यालयों के प्राचार्य के अलावा सभी शासकीय, अशासकीय छात्रावास-आश्रम के अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र 2022-23 में विभागीय आवासीय विद्यालयों छात्रावास-आश्रमों के सुचारू रूप से संचालन तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्रवेश लेने वाले शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन करनेए शासकीय, अशासकीय, प्रीमैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास-आश्रमों में नवीनीकरण, नवीन प्रवेश की अनुमानित संख्या के आधार पर स्वीकृत, भरे एवं रिक्त सीटों की जानकारी ली गई। जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक विकास खण्ड मुख्यालय में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में दूरस्थ ग्रामों से प्रवेशित अनुसूचित जनजातिए अनुसूचित जाति संवर्ग के छात्र-छात्राओं को विभागीय छात्रावासों में नवीन प्रवेश की कक्षावार, जाति संवर्गवार अनुमानित संख्या की जानकारी ली गई।



## अपनी मांगों को लेकर कामगार मजदूरों ने किया अनूठा प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





शहर के नए शनि मंदिर तिराहे पर स्थित कामगार मजदूरों के लिए आरक्षित भूमि में आज सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में कमगार मजदूर जमा हुए। इसके बाद मजदूरों ने पूर्व कलेक्टर भीम सिंह के स्थानांतरण पर खुशियां जाहिर करते हुए आपस में मिठाइयां बांटी। यहां से एक रैली निकाल कर मजदूर नई कलेक्टर श्रीमती रानू साहु से मिलने कलेक्ट्रेट भवन पहुंचे। यहां मजदूरों ने अपनी बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर कलेक्टर मैडम को एक लिखित ज्ञापन सौपा। जिसमे उनसे निवेदन किया कि मजदूरों के लिए आरक्षित भूमि स्थल पर बारिश और धूप से बचने के लिए शेड निर्माण,पीने के साफ पानी की व्यवस्था,कार्यालय तथा शौचालय का निर्माण करवाएं। ताकि दयनीय स्थिति में रहकर प्रतिदिन रोजी मजदूरी खोजने वाले सैकड़ों मजदूरों का भला हो सके। मजदूरों ने बताया कि उक्त सभी आवश्यक निर्माणों के लिए वे पिछले कई सालों से प्रयास रत है परंतु हर बार उन्हें आश्वासन छोड़ कर और कुछ नहीं मिला है।

## बैल से टकराया बाइक सवार, तीन लोग हुए जख्मी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ से घर वापस जा रहे मोटरसाइकिल सवार बैल से टकरा कर गिर गए। जिससे बाइक में सवार तीनों को चोट लगी है। ग्राम जमरगा की मितानिन फूलकुमारी चौहान स्कूल और हॉस्पिटल के काम से धरमजयगढ़ आई थी। काम निपटाने के बाद एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। तभी मिरिगुड़ा के पास दौड़ते हुए एक बैल सड़क पर आ गया। जिससे मोटरसाइकिल बैल से टकरा गई। टकराने से मोटरसाइकिल में सवार तीनों गिर पड़े। जिसमें मितानिन को ज्यादा चोट लगी है वहीं अन्य दो को मामूली चोट आई है। मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 को डायल कर घटना की जानकारी दी। जिसपर चालक छोटुदास महंत एवं आरक्षक सुरेश कुमार टोप्पो ने तीनों को तत्काल सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ पहुंचाया। जहां तीनों का उपचार जारी है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पूर्व प्रचार्या को हटाने सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पूर्व प्राचार्या को हटाने के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन उल्लेखनीय है की शासन की मंशानुसार शासकीय बालक उमावि पत्थलगांव को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पत्थलगांव में परिवर्तित कर दिया गया है। ऐसे में शासकीय बालक उमावि पत्थलगांव के प्राचार्य का पद स्वयमेव समाप्त हो गया है। परंतु इसके बावजूद पूर्व प्राचार्य एस मिंज द्वारा स्वामी आत्मानदं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य को संपूर्ण प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है। जिससे स्कूल में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई है और स्कूल में आए दिन विवाद हो रहे हैं। जिसका असर बच्चों की मानसिकता पर पड़ रहा है। जो कि सर्वथा गलत है। विदित हो कि पूर्व प्राचार्य करीब 1 दशक से पत्थलगांव के शासकीय बालक उमावि में पदस्थ हैं। इनके इतने लंबे कार्यकाल में स्कूल में कई विवाद होते रहे हैं। जिनमें स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा बच्चों और शिक्षको के लिए रखे गए पीने के पानी की टंकी में पेशाब कर देने जैसा गंभीर मामला शामिल है। इसमें प्राचार्य द्वारा जानकारी के बावजूद दोषी शिक्षक को बचाने का प्रयास किया जाता रहा। वहीं अन्य मामलों में स्कूल में खुले आम नकल और लॉकडाउन में शासन के आदेशों का उल्लंघन करते हुए छात्रों से फीस वसूलने का मामला भी शामिल है। इनके कार्यकाल में स्कूल में शिक्षक शराब पीकर पहुंचते रहे हैं। कई विवादों के बावजूद प्राचार्य का अपने पद पर करीब 1 दशक तक बने रहना अपने आप में ही गंभीर चिंतन का विषय है। सामान्य तौर पर इतनी अवधि में पदस्थ रहने के दौरान ही शिक्षकों का अन्यत्र तबादला कर दिया जाता रहा है। परंतु प्राचार्य मिंज के बारे में यह नियम भी आखिर क्यों नहीं लागू किया गया अपने आप में एक प्रश्न है। वर्तमान में स्कूल के अन्य स्कूल में परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप उनके पद के स्वत: विलोपन के बावजूद उनके द्वारा प्रभार नहीं सौंपकर स्कूल में विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। वहीं यह भी संज्ञान में आया है कि आपके कार्यालय की ओर से भी संबंधित प्राचार्य को प्रभार सौंपने का आदेश और इसका अनुपालन नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस तक जारी किया जा चुका है परंतु इसके बावजूद उनके द्वारा प्रभार नहीं सौंपा जाना उनकी हठधर्मिता का परिचायक है। अत: आपसे निवेदन है कि छात्र हित में प्राचार्य एस मिंज को तत्काल स्वामी आत्मानंद विद्यालय से अन्यत्र हटाया जाए। सात दिनों के भीतर उन्हें नहीं हटाए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक गुलशन पाण्डेय, नगर मंत्री वीरेन्द्र यादव, नगर सह मंत्री राहुल पटेल, नगर जनजातीय प्रमुख नीलेश सिंह सिदार, नगर कार्यकारणी सदस्य, आकाश टांडे, प्रिंस सिन्हा, अनुराग, अंतरिक्ष, भास्कर शर्मा, अविनाश शर्मा उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था देख कलेक्टर ने जताई नाराजगी, कहा ऐसा नहीं चलेगा

अस्पताल को स्वच्छ रखने और जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही अति आवश्यक सेवाओं से संबंधित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण शुरू कर दिया है। आज शाम वे जिला अस्पताल पहुँचे तो उन्होंने यहाँ की सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने उपस्थित सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि इस तरह की अव्यवस्था नहीं चलेगी। यह अस्पताल है और जिले भर से गरीब मरीज यहाँ अपना उपचार कराने आते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से शासन की योजनाओं का लाभ मिलने के साथ जरूरी सुविधाएं अवश्य मिलनी चाहिए। यह शासकीय अस्पताल किसी भी निजी अस्पताल की तुलना में सफाई के मामलों में कम न हो। कलेक्टर सिन्हा ने आज जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों और लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के शौचालय में साफ .सफ ाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि यहाँ आने वाले किसी भी मरीज को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, यह अस्पताल प्रबंधन सुनिश्चित करे। जो सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध है वह तो मिलना ही चाहिए और जो यहाँ की आवश्यकता है वह भी मिले इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन मुझे बताए मैं शीघ्र ही उच्च स्तर पर चर्चा कर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश करूंगा। कलेक्टर ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करने और टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहाँ लैब टेस्ट समय पर सुनिश्चित करने और यहाँ जाँच के लिए आने वाले मरीजों को किसी निजी अस्पताल या लैब में नहीं भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यहाँ सभी स्टाफ को अस्पताल की सुविधाओं को बेहतर बनाने और सिविल सर्जन को यहाँ कामकाज में कसावट लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र किसी भी निजी स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर हो और समय पर सबकी उपस्थिति भी सुनिश्चित हो। उन्होंने जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र की भी जानकारी ली और बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए दिए जाने वाले पूरक आहार और अन्य सुविधाओं से कोई समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने आने वाले दिनों में अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण करने और अव्यवस्था पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही। कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान सीएमएचओ डॉ आर पी सिंह, जॉइंट कलेक्टर आर पी आँचला, सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत और अस्पताल के चिकित्सकए डीपीएम आदि उपस्थित थे।

### लिस्ट के हिसाब से सभी जेनेरिक दवाइयां रखे

कलेक्टर ने जांजगीर में कचहरी चौक के पास संचालित धन्वंतरि मेडिकल दुकान का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाइयों को निकाल कर मूल्य की जाँच की और ग्राहकों को निर्धारित छूट के अनुसार दवा बेचने के निर्देश देते हुए सूची के अनुरूप दवाइयां स्टॉक में रखने के निर्देश दिए।

# लैलूंगा के ग्राम पंचायत राजपुर के सरपंच और सचिव पर उनके ही पंचायत के सदस्यों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



रायगढ़ ज़िले के लैलूंगा के ग्राम पंचायत राजपुर के सरपंच नकुल राम पैकरा व सचिव पर उनके ही पंचायत सदस्यों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है और इस मामले में ज़िला स्तरीय टीम गठित कर न्यायोचित कार्रवाई की मांग कलेक्टर रानू साहू से की है।दरअसल पंचायत सदस्यों का कहना है कि सरपंच एवम सचिव द्वारा लगातार गलत तरीके से बिल लगाकर विकास के नाम पर लोगों के साथ साथ सरकार को भी चपत लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए पंचायत मद की राशि सरपंच व सचिव द्वारा फर्जी तरीके से आहरण किया गया है।क्योंकि खर्च की गई राशि से न तो निर्माण कार्य पूरे हुए और न ही पंचायत सदस्यों की इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि 2020 से लेकर अब तक सरपंच के नाम से स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक लाख दस हज़ार की राशि,ग्राम पंचायत राजपुर में पंचायत भवन, स्कूल व छात्रावास हेतु तकरीबन दो लाख पंचानबे हज़ार की राशि,मुख्य मार्ग स्थित दुर्गा मंडप की मरम्मत के लिए पचास हज़ार की राशि आबंटित की गई है लेकिन इस बारे में सरपंच व सचिव दोनों ही ने चुप्पी साध रखी है।इसके पूर्व भी सरपंच द्वारा 38 लाख रुपये का घोटाला किया जा चुका है।जिसकी शिकायत करने पर जांच के लिए जनपद पंचायत द्वारा टीम गठित की गई साथ ही जनपद पंचायत के सीईओ ने विभागीय जांच के आदेश दिए थे लेकिन उसमें भी इनके द्वारा फर्जी जांच कर फर्जी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और मामले में न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई लिहाज़ा सरपंच व सचिव का मनोबल बढ़ता ही गया।वर्तमान में जनवरी 2022 से अप्रैल तक मे करीब 7 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा पुनः किया गया है। इसलिए इस पर तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद एवं जिला पंचायत में कई बार सरपंच व सचिव के ख़िलाफ़ शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके अब तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## एक नजर

### निर्मोही पिता ने अपने दो बच्चों को पानी में डूबोकर मारा फिर खुद भी लगा ली फांसी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ के पूर्वांचल क्षेत्र में स्थित भुईयापाली गांव में एक ग्रामीण ने अपने दो बच्चों को पानी में डूबोकर मारने के पश्चात स्वयं फांसी लगातार आत्महत्या कर ली। घटना से पूर्वांचल में शोक की लहर है। इसकी सुचना गांव वालों ने पुलिस को दी है। तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा कार्रवाई कर शव को फांसी से निकालने के बाद दोनों मासूमो के शवों को भी निकाला गया। चक्रधर नगर थानेदार अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रायगढ़ लाया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है ताकि मृत्य का सही कारण पता चल सके। जानकारी के अनुसार पिता का नाम नरेश गुप्ता है। और 3 वर्षीया सिम्मी और 5 साल का शौर्य है। बताया जा रहा है कि नरेश गुप्ता की पत्नी पिछले कुछ समय से बाहर रह रही है। वह किन वजहों से बाहर रह रही है, इस बात की जानकारी नही लग सकी है। फ़िलहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही है. जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

### बावनपरियों के साथ गुलछर्रे उड़ाने वाले 6 को पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

ताशपत्ती के साथ रुपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने वालों को पुलिस ने पकड़ा। 3 जुलाई 2022 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम रायकेरा में कुछ जुआडियान तास पत्ती से रूपये पैसे का दाव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे हैं। मुखबीर के बताये स्थान पर ग्राम रायकेरा नुनदरहा रोड पहुंचकर घेराबंदी किये। जहां कुछ लोग तास पत्ती से जुआ खेलते मिले। जिसमें बगेशड बंसोड पिता जगन्नाथ बंसोड उम्र 46 वर्ष निवासी चिमटापानी ए कृष्णा महंत पिता पवित्रा दास महंत उम्र 22 वर्ष निवासी रायकेराए प्रेमदास पिता नान्हू दास उम्र 37 वर्ष निवासी चिमटापानीए किर्तन राठिया पिता कांसीराम राठिया उम्र 22 वर्ष निवासी चिमटापानीए महेत्तर दास पिता गरिब दास उम्र 58 वर्ष निवासी नहरपालीए जगेश्वर दास महंत पिता भगवान दास उम्र 27 वर्ष निवासी जामाबीरा जुआ खेल रहे थे।जिनके पास से कुल जुमला 1920 रूपये एवं 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक को जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का घटित करना पाये से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कोरिया द्वारा पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला करने वालों पर उचित कार्यवाही करने सरगुजा आईजी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद के दिशा निर्देश पर वरिष्ठ पत्रकार अजीम अंसारी के ऊपर किए गए जानलेवा हमला के विरोध में कोरिया जिला अध्यक्ष सावन कुमार की अध्यक्षता में दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा को ज्ञापन सौंपा गया। एवं पुलिस महानिरिक्षक द्वारा दोषियों पर पूर्ण कार्यवाही करने का अस्वासन दिया गया। साथ ही साथ हमारे पत्रकार साथी अजीम अंसारी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गयी। जिसमें उपस्थित प्रदेश महासचिव सत्येन्द्र सोनी, प्रदेश प्रभारी द्रोणाचर्य दुबे, सचिव कविराज विश्वकर्मा, अम्बिकापुर जिला अध्यक्ष आकाश जायसवाल, रवि मिश्रा, महेंद्र सिंह, विशाल दास उपस्थित रहे।

# आजीविका की समस्या लेकर स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला सदस्य कलेक्टर जनदर्शन पहुंची

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आजीविका की समस्या लेकर स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला सदस्य कलेक्टर जनदर्शन पहुंची जहां उन्होंने कलेक्टर सुश्री रानू साहू को ज्ञापन देकर अपनी परेशानियों से अवगत कराया।



अपने सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि-2011 से मार्च 2022 तक उनके द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुबंध के तहत आंगनबाड़ी केंद्र के लिए रेडी टू ईट का निर्माण किया जाता रहा है लेकिन शासन द्वारा अब इन्हें इस कार्य से अलग कर दिया गया है लिहाज़ा उनके सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। यहां तक की रोज़गार बन्द होने से बिजली का उपयोग नहीं करने के बाद भी उन्हें प्रतिमाह बिजली बिल थमा दिया जा रहा है। बेरोज़गारी में जिसे चुका पाना उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है।साथ ही इतने सालों तक आत्मनिर्भर होने के बाद अब उनके हाथों से अचानक रोजगार छीन लिया जाना उनके गरिमा पर प्रहार जैसा है।इसलिए उन्होंने मांग की है कि जल्द ही उनके उपयुक्त कार्य उन्हें प्रदान किया जाए जिससे वे पहले की तरह आत्मनिर्भर बन अपनी आजीविका चला सकें।

# बोरो रेंज अंतर्गत कंचीरा गांव में नजर आया ग्रीन कैमेलियन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के सुदूर वनांचल कंचीरा गांव में दिखा ग्रीन कैमेलियन इसके विषय मे कहा जाता है खासकर यह बारिश के दिनों में कभी कभार नजर आता है अधिकांश समय पेड़ो पर ही रहते हैं और वर्षाकाल में प्रजनन के लिए पेड़ो से नीचे आते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ क्षेत्र के बोरो रेंज के फॉरेस्ट गॉर्ड ने सोमवार को इस गिरगिट को जंगल किनारे सड़क पार करते हुए देखा और इसकी तसवीर कैमरे में कैद कर ली। हरे रंग का यह गिरगिट देखने मे बहुत सुंदर दिखता है लेकिन बता दें,इसे क्षेत्र में बहुत कम देखा जाता है इसलिए कह दिया जाता है की विलुप्ति की कगार पर है यह सामान्य गिरगिट की तरह ही होता है। लेकिन इसकी विशेषता यह है कि इसकी आंखें 360 डिग्री पर घूम जाती है। यह एक ही बार दोनों आंखों से अलग-अलग दिशा में देख सकता है। एक आंख से आगे तो दूसरी आंख से पीछे की तरफ।

इसके पैर पक्षियों की तरह होते हैं, जिसमें दो पंजे आगे की ओर दो पीछे की ओर होते हैं। इसकी जीभ बहुत लम्बी और तेजी से बाहर आने वाली होती है,जिससे यह कीट व अन्य ग्रास पकड़ते हैं। शिकार के समय दोनों आंखे शिकार पर नियंत्रित रहती है बहरहाल धरमजयगढ़ फारेस्ट क्षेत्र में हरे गिरगिट की इस तस्वीर को देखने का यह पहला मौका है।

# नवपदस्थ कलेक्टर हरिस एस ने बाढ़ आपदा के मद्देनजर कोंटा क्षेत्र का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



जिले के नवपदस्थ कलेक्टर हरिस एस ने आज पदभार ग्रहण किया। उन्होंने आज कोंटा क्षेत्र का दौरा किया। जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है, शबरी नदी की तट पर बसे कोंटा क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने पर बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत के लिए गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर हरिस एस ने आज कोंटा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शबरी नदी तट का मुआयना किया और एसडीएम कोंटा बनसिंह नेताम से तैयारियों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कोंटा आंध्रप्रदेश अंतर्राजीय बॉर्डर सहित कोंटा नगर पंचायत के पुरानी बस्ती स्थित कोल्हू तालाब का अवलोकन किया। इस दौरान कोंटा एसडीएम नेताम एवं सीएमओ कोंटा सोरी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग ने ग्राम टारपाली में किया पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन की दिशा में राष्ट्रीय सिंधी मंच रजि महिला विंग रायगढ़ ने आशा पंजाबी के नेतृत्व में ग्राम टारपाली में जाकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर आशा पंजाबी ने कहा कि जिले में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है हम सभी अपने सीमित संसाधनों से जितना हो सकता है उतना पौधारोपण कर रहे हैं इस बार हमारा लक्ष्य 150 पौधारोपण का है जिसमें से आज हमने 50 पौधे लगाए हैं। हमने यह पौधे गांव में खेतों की मेड़ और मुख्य मुख्य मार्ग के किनारे लगाए हैं। जिनके खेतों में पौधे लगाए हैं उन्हीं को हमने इसके रखरखाव का निवेदन किया है। जिस पर खेत मालिक संतोष मेहानी ने हमें आश्वस्त किया है कि वह इन पौधों की देखरेख करेंगे। महिला विंग प्रदेश प्रभारी पूनम मोटवानी ने कहा कि मैं अभी ओड़िसा में हूँ। रायगढ़ चेप्टर बहुत सक्रीय है मुझे पूरा विश्वास है कि यही चेप्टर प्रदेश की सिंधु मातृशक्ति को प्रोत्साहन देगा। राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ सपना कुकरेजा और कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश रोहरा ने दूरभाष पर महिला मंच को इस अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता हीरा मोटवानी ने कहा कि छोटी-छोटी संस्थाएं अपने स्तर पर पौधारोपण कर रही हैं उधर वन विभाग भी टोल फ्री नंबर जारी कर लोगों को उनके घर तक पौधे पहुंचा कर घर पहुंच सेवा दे रहा है, जो सराहनीय है। परंतु जिले में वृहद पौधारोपण अभियान की आवश्यकता है जिसमें यहां लगे हुए छोटे बड़े सभी उद्योग अपने अपने स्तर पर इस अभियान को आगे बढ़ाएं क्योंकि बढ़ते हुए प्रदूषण के कारणों में उद्योग भी शामिल हैं। उनके यहां कई प्रकार के मद रहते हैं उसमें इसे शामिल करते हुए और जिले की जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्व निर्वहन की दिशा में आगे बढ़े, यही हमारा आग्रह है।

# भाजपा की जांच समिति ने फर्जीवाड़ा का शिकार हुए पीड़ितों का किया बयान दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



आदिम जाति विकास विभाग में हुए फर्जी नियुक्ति के मामले की जांच के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गठित जांच समिति सोमवार को पीड़ितों का बयान दर्ज किया। इस समिति में सांसद गोमती साय के साथ ओपी चौधरी, जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदें और भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीतिन राय शामिल थे। पार्टी के कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण ओपी चौधरी, जांच समिति की इस बैठक में नहीं पहुंच पाए थे। पीड़ितों ने जांच समिति को बताया कि आदिवासी विभाग में उन्हें चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति दिए जाने का झांसा देकर 1 से 3 लाख रूपए तक की मांग की थी। पीड़ितों के अनुसार उन्होंनें इस मांग की गई राशि को सीधे जिले के तात्कालिन सहायक आयुक्त एसके वाहने और कुछ ने मंडल अध्यक्ष को दिया था। पीड़ितों ने बताया कि विभाग की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र देकर, लगभग दो माह तक छात्रावास और आश्रमों में काम भी कराया गया। एक दिन अचानक उन्हें मंडल अध्यक्ष ने बिना किसी कारण के काम पर न आने का मौखिक आदेश दे दिया। उन्हें न तो काम करने का वेतन दिया गया और न ही लिए गए रूपए लौटाए गए। सभी पीड़ितों से इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की है। लेकिन मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीड़ितों का बयान दर्ज करने के बाद मिडिया से चर्चा करते हुए सांसद गोमती साय ने कहा कि आदिवासियों के विकास का दावा करने वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का यही असली चेहरा है। सरकारी विभाग और सरकारी अधिकारी जब आदिवासियों से इस तरह से खुले आम लाखों की ठगी कर रहें हैं और शिकायत के बावजूद सरकारी तंत्र मौन साधे हुए बैठा हुआ है। उन्होनें कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तब तक भाजपा इस मामले को संसद से लेकर सड़क तक उठाती रहेगी। नरेश नंदे ने कहा कि फर्जीवाड़ा का शिकार हुए गरीब आदिवासी वर्ग के बेरोजगार युवक कर्ज में डूब चुके हैं। दोषियों के खिलाफ जब तक सरकार कार्रवाई नहीं करती भाजपा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत ने कहा कि इतने गंभीर मामले में प्रदेश सरकार की चुप्पी हैरानी की बात है। इससे साबित होता है कि सरकार और इसके प्रतिनिधि आदिवासियों के न्याय के लिए गंभीर नहीं हैं। नीतिन राय ने इस पूरे फर्जीवाड़े के लिए सीधे तात्कालिन सहायक आयुक्त एसके वाहने को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि जब तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो जाताएतब तक भाजपा के कार्यकर्ता शांत नहीं बैठेगें।

# पुरातत्विक ग्राम हथगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई भव्य रथ यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-कोतबा।



जशपुर जिले के पुरातत्विक ग्राम हथगड़ा के नायकटोली मे सोमवार आषाढ़ मास के पंचमी को सर्वप्रथम पूजा पाठ करके राधा कृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ भैया बलभद्र बहन सुभद्रा कि रथ यात्रा बडे ही हर्षउल्लास के साथ निकली गयी पुरे ग्राम मे रथ यात्रा के पावन पर्व कि खुशी छाई हुयी थी कई वर्षो से यह रथ यात्रा होती आ रही थी लेकिन पिछले दो वर्ष कोरोना काल के कारण लॉकडाउन में रथ यात्रा स्थगित रही. लोकडाउन हटने के बाद इस वर्ष लोगो कि काफ़ी भीड़ भाड़ दिखी खिलोनो से सजी दुकाने बच्चो के बिच आकर्षण के केंद्र रहे छोटे से गाँव हथगड़ा मे इस प्रकार कि रथयात्रा का होना अविश्वनीय लगता है इस गाँव कि एक खाश बात है यह है कि गाँव पुरातत्विक ग्राम में यहां के जमीन में कभी-कभी खुदाई करने पर प्राचीन काल के अवशेष प्राप्त होते हैं यहां खुदाई के दौरान प्राप्त मिले अवशेषों को गांव में बने मंदिरों में रखा जाता है छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इस ग्राम को पुरातात्विक ग्राम घोषित किया गया है आज भी खुदाई के दौरान शिवलिंग या फिर भगवानों की मूर्ति निकलती रहती है इससे पता चलता है कि यह हथगड़ा ग्राम काफ़ी प्राचीन और धार्मिक है.इस गाँव कि कहानियाँ भी काफ़ी रोमांच पैदा करती है कहा जाता है कि इस गांव में हजारों से भी ज्यादा संख्या में तालाब थे जो कि समय के साथ-साथ किसानों ने खेतों में बदल दिया परंतु आज भी गांव में सैकड़ों से भी ज्यादा तालाब मौजूद है इस गांव में दो प्राचीनतम तालाब है लोगों का कहना है कि इस तालाब के अंदर मे कुएं मौजूद है जिससे यह पता चलता है कि प्राचीन समय में भी गांव के लोग जल संरक्षण के लिए आगे रहते थे पुरातात्विक ग्राम हथगड़ा कि कहानियाँ तो काफ़ी रोमांचित है ही इसके साथ साथ गांव में होने वाले रथयात्रा पर्व और उसमे जुटी भीड़ भी लोगो को काफी उत्साहित करती है. अगल-बगल के ग्रामवासी भी इस रथयात्रा को देखने के लिए और उसका लुफ्त उठाने के लिए आते हैं।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in